दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अनुराग की मेट्रो.....इन दिनों को मिली नई रिलीज तारीख.....

भूमि ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में .....

वर्ष : 10 | अंक : 36 | लखनऊ, 15 जनवरी, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 71,657.71

निफटी 21,618.70

# सीएम योगी ने अयोध्या में 50 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

## डिजिटल टूरिस्ट ऐप की भी शुरूआत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुये ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) को हरी झंडी दिखाई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट ऐप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट की भी शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जन परिवहन की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम क्षेत्र और अयोध्या शहर में इलेक्ट्रिक-बस और इलेक्ट्रिक ऑटो, पर्यटन केंद्रित मोबाइल ऐप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट की शुरूआत की गई है। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है और भारत के स्वाभिमान तथा सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना के प्रयास को मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ

**इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जन परिवहन की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सके।**

हमें उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि आयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देशभर में रामराज्य की स्थापना का कार्य 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा, इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ऑटो और अन्य सुविधाएं शुरू की जा रही हैं। यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु डिजिटल टूरिस्ट ऐप के जरिये अयोध्या की हर जगह का अवलोकन कर सकेगा। योगी ने अयोध्यावासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, देश और दुनिया आतुर है कि कब उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलेगा। हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर हमें प्रभु का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा, हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सबसे पहले अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। सरकार का जो काम है वह कर रही है। बुनियादी ढांचे, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन, हवाई हड्डे जैसी सुविधाओं के साथ ही इलेक्ट्रिक बस के जरिये अयोध्या आने वालों को एक अच्छा जन परिवहन विकल्प दिया गया है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले पुरी में जगन्नाथ मंदिर गलियारे का लोकार्पण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

ओडिशा के सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने पुरी स्थित प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर के चारों ओर 800 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित आयताकार परिक्रमा पथ को अगले कुछ दिन में जनता को समर्पित करने के बाद आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लगभग 10,000 मंदिरों व विभिन्न पूजा स्थलों के जीर्णोद्धार का खाका तैयार कर पूरे प्रदेश का माहौल ह्यजय जगन्नाथह्ल मय करने की तैयारी कर ली है। बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर विकसित जगन्नाथ मंदिर की चारदीवारी के 75 मीटर के गलियारे का उद्घाटन अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 17 जनवरी को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हाथों होगा। उद्घाटन समारोह में देश की कुछ नामचीन हस्तियों व शंकराचार्यों और सभी प्रमुख मंदिरों के शीर्ष प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। हिंदू धर्म के अनुसार, पुरी देश के चार पवित्र धामों में से एक है। यहां भगवान जगन्नाथ यानी श्रीकृष्ण, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजते हैं। संबंधित पहल का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराना है ताकि यहां उन्हें अच्छे से अच्छा अनुभव हो तथा इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को और भी मजबूती मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में लगभग 10,000 पूजा स्थलों के नवीनीकरण का काम भी कर रही है और इन पर करीब 4,000 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उनके अनुसार, 18 जनवरी से लगभग 15 दिन तक राज्य से प्रतिदिन 10,000 तीर्थयात्रियों को मंदिर यात्रा की सुविधा भी प्रदान की जाएगी और इस उद्देश्य के लिए कुल 20 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। पुरी के जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने यहां बताया कि श्री मंदिर परिक्रमा प्रकल्प मुख्यमंत्री पटनायक का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे तीन साल में ही पूरा कर लिया गया।

संक्षिप्त समाचार

## गीता प्रेस के सामने राम चरित मानस की मांग पूरी करने की चुनौती बढ़ी

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तारीख की घोषणा के बाद से ही यहां के प्रसिद्ध गीता प्रेस को रामचरितमानस की मांग को पूरा करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि मांग को ध्यान में रखते हुए प्रेस रामचरितमानस को वेबसाइट पर अपलोड करेगा जिसे 16 जनवरी से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम रामचरितमानस को गीता प्रेस की वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं और मंगलवार से यह मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। हम 15 दिनों के लिए यह सेवा प्रदान करेंगे, जिसे 50 हजार लोग डाउनलोड कर सकेंगे। मांग बढ़ने पर उन्होंने कहा, हम इसकी क्षमता बढ़ाएंगे, जिससे एक लाख लोग एक साथ रामचरितमानस डाउनलोड कर सकेंगे। इस सेवा अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। त्रिपाठी ने बताया कि जब से अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख (22 जनवरी) की घोषणा हुई है, रामचरितमानस की मांग बढ़ गई है और इसकी आपूर्ति का दबाव बढ़ गया है। उनका कहना था कि लोग इतने उत्साहित हैं कि बड़े पैमाने पर रामचरितमानस, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कराने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब, अगर हम इसकी तुलना पिछले साल से करें, तो हम औसतन लगभग 75,000 किताबें छापते और वितरित करते थे। हालांकि, सीमित जगह के कारण, हम इस साल छपाई और वितरण की मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हमारे पास अचानक रामचरितमानस की दो-चार लाख प्रतियां छापने और उपलब्ध कराने की तैयारी नहीं है। पिछले महीने से, हम रामचरितमानस की एक लाख प्रतियां उपलब्ध कराने में कामयाब रहे हैं। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हो रही है और हमारे पास पर्याप्त स्टॉक नहीं है। कई जगहों पर हमें विनम्रतापूर्वक अनुरोध करना पड़ता है कि हमारे पास स्टॉक उपलब्ध नहीं है।

## देवलाली में तोपची युद्धाभ्यास के आयोजन में भारतीय सेना ने शक्ति प्रदर्शन किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नासिक। भारतीय सेना का वार्षिक हथियारों का प्रदर्शन और प्रशिक्षण अभ्यास एक्सरसाइज तोपची रविवार को यहां देवलाली में स्कूल ऑफ आर्टिलरी की ओर से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लेफ्टिनेंट जनरल एस हरिमोहन अय्यर, एवीएसएम, कमांडेंट स्कूल ऑफ आर्टिलरी और सीनियर कर्नल कमांडेंट रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। एक्सरसाइज तोपची के तहत बंदूकें, मोर्टार, रॉकेट, ड्रोन और विमानन संपत्तियों सहित मारक क्षमता और निगरानी साजो-सामान के एकीकृत उपयोग का प्रदर्शन किया। आत्मनिर्भर भारत के तहत के-9 वज्र, एसपी गन सिस्टम, धनुष, 105 मिमी इंडियन फील्ड गन (आईएफजी)/ लाइट फील्ड गन (एलएफजी) सिस्टम और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर जैसे स्वदेशी निर्मित तोपखाने उपकरण प्रदर्शित किए गए। अभ्यास में बंदूकधारियों की अदम्य इच्छाशक्ति, दक्षता और तोपखाने की रेजिमेंट की तैयारियों का प्रदर्शन किया गया। डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, डिफेंस सर्विसेज टेक्निकल स्टाफ कोर्स, पुणे, नेपाल आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज के छात्र अधिकारी, भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के सेवारत अधिकारी इस कार्यक्रम के गवाह बने।

# पीएम मोदी ने खास अंदाज में मनाया पोंगल का त्योहार

### लूंगी पहनकर गाय को खिलाया अन्न

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 14 जनवरी को दिल्ली में पोंगल का त्योहार मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय राज्य मंत्री और राज्यसभा सांसद एल मुरुगन के घर पोंगल का त्योहार मनाने पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारतीय परिधान यानी पारंपरिक लुंगी पहने दिखाई दिए। उन्होंने पूजा करने के बाद गाय माता को माला पहनाई और अन्न भी खिलाया।प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पोंगल की शुभकामनाएं भी दी है।इसके अलावा पोंगल उत्सव में हिस्सा लेने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बच्ची की परफॉर्मेंस अच्छी और उसे सम्मानित भी किया। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल पोंगल उत्सव के दौरान बच्ची एक गाना गा रही थी। गाना गाने के बाद वह प्रधानमंत्री के पास आशीर्वाद लेने पहुंची तो प्रधानमंत्री ने अपनी शॉल भेंट कर बच्ची को आशीर्वाद दिया।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन करते हुए देशवासियों को पोंगल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा तमिलनाडु के हर घर में इस उत्सव का उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने कहा मैं देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और संतोष की धारा की निरंतर प्रवाह की कामना करता हूं।इस दौरान उन्होंने महान संत तिरुवल्लुवर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार व्यापारियों और अन्नदाता किसानों की अहम भूमिका है। पोंगल के त्योहार में ताजा फसल भगवान को अर्पित की जाती है जिसमें किसानों को केंद्र में रखा जाता है।

**पोंगल के त्यौहार में ताजा फसल भगवान को अर्पित की जाती है जिसमें किसानों को केंद्र में रखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल एक भारत श्रेष्ठ भारतकी राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी–तमिल संगमम्और सौराष्ट्र–तमिल संगमम् में भी देखने को मिला।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल एक भारत श्रेष्ठ भारतकी राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् में भी देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने ह्यकोलम (रंगोली) के साथ भारत की विविधता की समानता बतातेहुए कहा कि जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है। मोदी ने कहा, पोंगल का त्योहार एक भारत श्रेष्ठ भारत की राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है।

# वादा रहा कि मणिपुर में शांति, समृद्धि वापस लाएंगे - राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मणिपुर । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मकर संक्रांति के मौके पर 14 जनवरी से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे। उनकी यह यात्रा मणिपुर के इम्फाल से प्रारंभ होकर 15 राज्यों से गुजरेगी और 20 मार्च को मुंबई में पूरी होगी। राहुल गांधी ने ने मणिपुर के खांगजोम में तिरंगा लहराकर यात्रा की शुरूआत की। राहुल गांधी ने मंच पर आने के बाद दो मिनट का मौन रखकर मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने न्याय यात्रा की शुरूआत करने के बाद कहा कि मणिपुर अब वैसा नहीं रहा, जैसा कि हम पहले जानते थे। पिछले साल मई से यह टुकड़ों में बंट गया। यहां लोगों को हिंसा का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने अपनी आंखों के सामने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया। इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री यहां के लोगों से मिलने और उनके आंसू पोछने नहीं आए। यह शर्म की बात है। ऐसा लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस और भाजपा के लिए मणिपुर देश का हिस्सा ही नहीं।

### हम आपके दर्द को समझते हैं: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं। आप ने उन चीजों को खोया है जो आपके लिए मूल्यवान था। मणिपुर के लोगों ने जो कुछ खोया है, उसे हम समझते हैं। हम आपसे यह वादा करते हैं कि मणिपुर में शांति, समृद्धि और सौहार्द वापस लाएंगे। मणिपुर ने वह चीज खोई है जो इसके लिए सबसे कीमती थी। यह सब कुछ भाजपा की राजनीति की वजह से हुआ है।



### यात्रा से पहले शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इससे पहले राहुल गांधी रविवार दोपहर इम्फाल पहुंचे। इम्फाल एयरपोर्ट पहुंचने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारामैया समेत अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी ने खोंगजोम वॉर मेमोरियल पहुंचे। यहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता रविवार सुबह फ्लाइट से इम्फाल पहुंचे। हालांकि, कोहरे के कारण फ्लाइट में कुछ देरी हुई।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने मांगा लोगों का साथ

राहुल गांधी इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा की। इस दौरान उन्होंने देश के सभी वर्ग के लोगों से मुलाकात की। अब एक बार फिर से राहुल गांधी मणिपुर से यात्रा शुरू कर रहे हैं। मणिपुर के लोग बहादुर हैं। हमें उम्मीद है कि मणिपुर के लोग उनका साथ देंगे।

## सुबह दिया कांग्रेस से इस्तीफा, दोपहर में मिलिंद देवड़ा ने थामा शिवसेना का दामन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और नेता मिलिंद देवड़ा ने रविवार को शिवसेना का दामन थाम लिया है। मिलिंद देवड़ा ने रविवार की सुबह ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद से ही अटकल ही लगाई जा रही थी कि मिलिंद शिवसेना ज्वाइन कर सकते हैं, जो अब सच साबित हो गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में पूर्व कांग्रेस नेता को पार्टी में शामिल करवाया। इससे पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर पूर्व कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने जानकारी दी थी कि वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया था कि मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी यही अंत हो रहा है। सभी नेताओं, सहयोगियों और पार्टी कार्यकताओं के समर्थन के लिए शुक्रगुजार हूं। मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद यह प्रयास लगाए जा रहे थे कि वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। यह भी क्लास लगाया जा रहे हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना की टिकट पर मिलिंद देवड़ा दक्षिण मुंबई सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

प्राथमिकी | संजय सिंह की शिकायत पर भेलूपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई

# निलंबित कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



वाराणसी। खेल मंत्रालय द्वारा अगले आदेश तक निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि संजय सिंह की शिकायत पर भेलूपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।भेलूपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि संजय सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि 12 जनवरी की रात एक अज्ञात नंबर से उनके मोबाइल पर दो बार कॉल आई, लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। शुक्ला ने शिकायत के हवाले से बताया, 13 जनवरी को उसी नंबर से फिर कॉल आई तो मैंने (संजय सिंह बबलू) तीसरी बार में कॉल उठा लिया। कॉल करने वाले ने मुझे और कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपशब्द कहते हुये जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद मैंने फोन काट दिया। लेकिन उसी नंबर से लगातार फोन आते रहे। मेरा परिवार इससे सहमा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 507 (अज्ञात व्यक्ति द्वारा आपराधिक धमकी देना) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

*"निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है।*

खेल मंत्रालय ने पिछले वर्ष 24 दिसंबर को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया था क्योंकि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की थी। मंत्रालय ने कहा था कि नयी कार्यकारिणी पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है।

# कांग्रेस नेता मीरा कुमार को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण मिला

**विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम जी की बेटी मीरा कुमार को निमंत्रण दिया है।**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने रविवार को कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है। विहिप ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष करिया मुंडा को भी निमंत्रण दिया गया है। विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम जी की बेटी मीरा कुमार को निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा (15वीं) के पूर्व उपाध्यक्ष करिया मुंडा को भी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। विहिप प्रवक्ता ने अपने पोस्ट में कुमार और मुंडा के निमंत्रण प्राप्त करने की तस्वीरें भी साझा की हैं।

# मुसीबत का सबब बना भतोइया अंडरपास, गंदे पानी से गुजरना बनी मजबूरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते दिनों हुई बारिश के चलते अंडरपास में जलभराव हो गया है। अंडरपास में हुए जलभराव के बीच से पैदल गुजरने पर राहगीरों को जहरीले कीड़ों का खतरा बढ़ गया है। रेलवे अंडरपास में बारिश में होने वाले जलभराव के गंदे पानी की निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं है। जिले की सीमा में भी राहगीरों को आवागमन में सुविधा देने के लिए अंडरपास बनाए गए हैं। लखनऊ से हरदोई जाने वाली एनएच 731फोरलेन सड़क को सिक्स लेन में तब्दील करने का काम शुरू हो गए हैं। अंडरपास से होकर वाहन चालक और पैदल लोग गुजरते हैं। अंडरपास में जलनिकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बारिश होने पर अंडरपास में जलभराव हो जाता है। ज्यादा बारिश होने पर अंडरपास में घुटनों तक पानी भर जाता है। अंडरपास में पानी भरने के बाद सबसे ज्यादा परेशानी पैदल निकलने वालों को होती है।

### अंडरपास में भरा पानी, राहगीर परेशान

सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किए जाने की वजह से अंडरपास राहगीरों के लिए मुसीबत बन गये है। महिपतमऊ से लेकर हरदोई बॉर्डर तक बनने वाले दस अंडर पास अनियोजित तरीके से बनाये जाने से पिछले दो महीने में कई दुर्घटनाओं में तमाम लोग चोटिल हो चुके है और लगभग आधा दर्जन लोग जान भी गवां चुके हैं।

### भतोइया अंडर पास सबसे अधिक कष्टदायक

यहाँ निमार्णाधीन अंडर पास हजारों लोगों के लिए मुसीबत बन कर उभरा है। अंडर पास बनाने में पानी निकासी की व्यवस्था को ही अनदेखा कर देने की वजह से बीते शुक्रवार 5 जनवरी को अचानक हुई बारिश से सड़क पर लगभग सौ मीटर सड़क लगभग 1 मीटर पानी में डूब जाने से उधर गुजरने वाले दर्जनों राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके है।



सड़क पर जलभराव के कारण विरोध जताते ग्रामीण

### अंडरपास से जुड़े दर्जनों गांवों के लोग परेशान

अंडरपास से जुड़े व्यस्त मार्ग गौन्दा मुज्जम नगर लिंक रोड से रोजाना हजारों की तादाद में गुजरने वाले फोर व्हीलर टू व्हीलर वाहन चालकों के लिए हमेशा जान का खतरा बना रहता है। निर्माण कंपनी के स्थानीय कर्मचारियों ने अंडरपास बनाते समय पानी निकासी की व्यवस्था को दरकिनार कर लिंक रोड से कम से कम डेढ़ मीटर नीची खुदाई करके अस्थाई रूप से सड़क बनाकर वैकल्पिक यातायात तो चालू कर दिया परन्तु लिंक रोड पर चढ़ने के चक्कर मे कई वाहन चालक चोट खा गए। भरे पानी से गुजरते ऊंचाई पर चढ़ते तमाम दो पहिया चालक संतुलन बिगड़ने से फिसलकर गिरने से चोट खा चुके हैं।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

रविवार को भतोइया और आसपास के तमाम ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे राघवेंद्र सिंह और तमाम ग्रामीणों ने एक स्वर से विभाग और कम्पनी के जिम्मेदारों को चेताते हुए कहा कि यदि जल्दी समस्या का समाधान न हुआ तो हजारों की तादाद में गुजरने वाले ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा जल्द होगा समाधान

इस प्रकरण पर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर वी शुक्ला ने कहा कि इस समय अत्यधिक सर्दी के कारण तमाम कर्मचारी और मजदूर अपने घरों को चले गए हैं। इसलिए मजबूरी में कार्य स्थगित करना पड़ा है। मौसम खुलते ही जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को पकड़ा



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। राजधानी के बन्थरा थाने की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हेमंत कुमार राघव ने बताया कि रंजन गुप्ता पुत्र शिवनारायण उर्फ रामनारायण मौरावा थाना मौरावा जनपद उन्नाव उम्र लगभग 52 वर्ष शनिवार को रात्रि में गिरफ्तार करके न्यायालय मुख्य मजिस्ट्रेट प्रचलित के वाहन पेश किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि राजेंद्र पुत्र भीमसेन ग्राम सभा रामदासपुर थाना बंथरा उम्र लगभग 42 वर्ष को रविवार सुबह करीब 7:30 बजे गिरफ्तारी की गई है यह काफी दिनों से दोनों वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी, क्योंकि यह न्यायालय में पेश नहीं हुए जिसके चलते एनबीडब्ल्यू वारंट कोर्ट ने जारी किया था।

## टेलीकॉम कर्मी पर दबंगों ने हमला कर की मारपीट

लखनऊ। टेलीकॉम कर्मी विमल पाण्डेय ने हमला किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। शक है कि कम्पनी के बर्खास्त कर्मचारी की शह पर मारपीट की गई है। गोमतीनगर कोतवाली पर मलिहाबाद निवासी विमल ने दिसंबर महीने में आरएस टेलीसल्यूशन में नौकरी ज्वाइन की है। गोमतीनगर और इन्दिरानगर में लगे 25 मोबाइल टॉवरों के रखरखाव का जिम्मा विमल पर है। पीड़ित के मुताबिक दस दिसंबर को अन्जान नम्बर से उन्हें कॉल आई। फोन करने वाने ने कहा कि क्या तुम सचिन की जगह काम देख रहे हो। इसके बाद फोन कट गया। विमल के मुताबिक शुक्रवार को वह साइट पर जा रहा था। मनोज पाण्डेय चौराहे के पास पहुंचने पर पांच युवकों ने हमला कर दिया। मारपीट होते देख राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। जिसके चलते आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। विमल ने कम्पनी के एक बर्खास्त कर्मचारी पर शक जताया है।

# मंदिर बनाकर भाजपा ने 500सालो के कंलक को मिटाया : भाजपा जिलाध्यक्ष

**मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय में भाजपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन, राजस्व, कृषि समेत अन्य विभागो ने स्टाल लगाकर दी योजनाओ की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार





मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को भाजपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर राजस्व, कृषि समेत कई विभागो ने स्टाल लगाकर लोगो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पांडे की मौजूदगी में पीएम आवास योजना के एक दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्रो का वितरण किया ।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा अयोध्या में मंदिर बनाकर भाजपा सरकार ने 500 सालो के कलंक को मिटाया है, योगी सरकार में अपराधियों व माफियाओ की जगह जेल में है, बेटिया सुरक्षित है ।केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सीधे आम आदमी को मिल रहा है ।भाजपा जिलाध्यक्ष ने 22फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन लोगो से अपने अपने घरो को सजाकर दीप जलाकर दीपावली की तरह उत्सव मनाने की अपील की ।क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने अपने सम्बोधन में कहा डबल इंजन की सरकार की योजानाओ का लाभ सीधे अन्तिम पायदान पर खड़े आदमी को मिले इसी के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है कार्यक्रम के दौरान ही सरकारी योजनाओ के लाभ से वंचित लोगो को मौके पर ही योजनाओ का लाभ भी दिलाया जा रहा हैं ।विधायक ने कहा 10फरवरी को क्षेत्र में महिला सेमी क्वाटर दौड़ का आयोजन किया जायेगा ।जिसमें क्षेत्र की बेटियों व महिलाओ से ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की ।उन्होने कहा दौड़ की विजेता बेटियों को नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा ।मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई ।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत, ईओ मनीष राय, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडे, मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी समेत सभी सभासद व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# सांसद बृजभूषण और संजय सिंह को फोन पर बम से उड़ाने की मिली धमकी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। यूपी की कैसरगंज सीट से बीजेपी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके करीबी माने जाने वाले भारतीय कुशती संघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह को फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई।

दुगार्कांड के कबीर नगर निवासी संजय सिंह ने भेलूपुर थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर केस दर्ज कराया है। बताया कि शुक्रवार रात में दो बार फोन आया, इसके बाद शनिवार की दोपहर में भी फोन कर धमकी दी।

संजय सिंह बबलू ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल रिसीव नहीं किया। करीब डेढ़ घंटे बाद फिर उसी नंबर से फोन आया। उल्टी सीधी बात करने लगा। पहले लगा किसी ने शरारत की है। फिर शनिवार दोपहर में उसी नंबर से फोन आया।

फोन करने वाले ने उन्हें और बृजभूषण शरण सिंह को गोली से मारने, बम से उड़ाने की बात करने लगा। गाली गलौज करने पर संजय सिंह बबलू ने फोन काट दिया। फिर फोन कर धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद छह बार फोन किया लेकिन संजय सिंह ने रिसीव नहीं किया। इसके बाद अपने लोगों को जानकारी देने के बाद भेलूपुर पुलिस को अवगत कराया। भेलूपुर इंस्पेक्टर विजय कुमार शुक्ल ने बताया कि मोबाइल नंबर के आधार पर केस दर्जकिया गया है। फिलहाल नंबर बंद है। आरोपी की शिनाख्त कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस की जांच में मोबाइल नंबर लखनऊ का है और किसी करन राजपूत नाम पर है। लखनऊ पुलिस की मदद से इसकी पुष्टि कराई जा रही है।


# जबरौली व परसपुर ठठ्ठा गांवो में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है....उक्त बातें रविवार को जबरौली व परसपुर ठठ्ठा गांवो में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के विधानसभा सेक्टर संयोजक शम्भू पांडे ने कही ।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हंसराज ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। आज महिलाएं योजना का लाभ लेकर ना सिर्फ आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि परिवार के आर्थिक विकास और उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं ।कार्यक्रम में विकास, राजस्व, कृषि, स्वास्थ, समाज कल्याण समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर सरकारी योजनाओ के बारे में ग्रामीणो व महिलाओ को जानकारी दी ।कार्यक्रम में मौजूद लोगो को भाजपा नेताओ ने भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई ।भाजपा नेता हंसराज ने भद्दी शिर्ष गांव मे पहुंचकर मेले का उद्घाटन किया ।इस मौके पर बीडीओ पूजा सिंह, एडीओ पंचायत अशोक यादव, भाजपा नेता संतोष शर्मा, जबरौली प्रधान रेनू अवस्थी, परसपुर ठठ्ठा प्रधान राजवती गौतम समेत काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाये मौजूद रही।

# शायरी के स्वर्णिम युग मुनव्वर राना का हुआ निधन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शायरी कविता का एक स्वर्णिम युग का हुआ अंत मुन्नवर राणा साहब आप हमेशा लोगो के दिलो दिमाग में रहेंगे शायद कला साहित्य जगत की सबसे बड़ी क्षति है। मां पर देश दुनिया में सबसे अधिक भावुक कविता लिखा है ।देश विदेश में हिंदी उर्दू जुबां को एक नायाब तरीके से जोड़ने का काम किया ।कई भाषा के ज्ञाता थे हिंदी उर्दू के बेहतरीन जानकर थे उनकी कई किताबे प्रकाशित हुई है ।कई सम्मान से सम्मानित हुए है। गीतकार कवि डॉ विष्णु सक्सेना, हास्य कवि सर्वेश अस्थाना, कवियत्री डा सुधा मौर्य, अर्चना सिंह, निशा सिंह नवल, सहित काव्य जगत में शोक की लहर

# स्वच्छता अभियान चलाकर कोतवाली में पुलिसकर्मियो ने की साफ-सफाई

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली परिसर समेत कार्यालय को साफ सुथरा रखने के लिये प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के नेतृत्व में रविवार को मोहनलालगंज पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाकर कोतवाली परिसर व कार्यालय में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने हाथो में झांडू थामकर सफाई करते हुये साफ सफाई रखने के लिए दूसरों को भी प्रेरित किया ।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। ह्लस्वस्थ शरीर में अच्छे विचारो का उदगम होता हैह्व यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। ह्यस्वच्छताह्न ही स्वस्थ और शान्तिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र है। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना है। जिससे स्वच्छ जीवन का निर्माण हो। हमें साफ सुथरी वर्दी के अलावा अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता के साथ- साथ पर्यावरण की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। हमें अपने घर के अलावा आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। इधर-उधर कचरा ना फेके, हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करे। स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में शामिल करके अपने घर, समाज और राष्ट्र की स्वच्छता को बढ़ावा दे ।एसीपी मोहनलालगंज के कार्यालय व परिसर में भी पुलिसकर्मियों ने साफ-सफाई दी ।एसएसआई बेचू सिंह यादव, उपनिरीक्षक अनूप सिंह, मनोज यादव, नितिन शर्मा, अजय गुप्ता समेत सभी पुलिसकर्मी कोतवाली में चलाये गये सफाई अभियान में शामिल हुये।

# पार्षद रामनरेश रावत ने इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड में पार्षद रामनरेश रावत ने रविवार को दो अलग-अलग इंटरलॉकिंग सड़कों और पक्की नाली का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास पार्षद ने अपनी मौजूदगी में महिपाल सिंह और नीलमणि रावत के जरिए पूजा पाठ कराते हुए नारियल तुड़वाकर किया। पार्षद ने बताया कि वार्ड के बदाली खेड़ा में करीब 50 मीटर लंबी और चार मीटर चौड़ी अनिल सचान की गली व आजाद नगर में 70 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी अजरा खान के घर से भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता के प्लाट तक कच्ची व जर्जर पड़ी गली में इंटरलॉकिंग सड़क के साथ ही पक्की नाली का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महापौर निधि के जरिए दोनों सड़कें 15 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग में परिवर्तित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन कच्ची गलियों में प्रायः जल भराव की समस्या बनी रहने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती थी, लेकिन अब इंटरलॉकिंग में परिवर्तित होने से सारी समस्या खत्म हो जाएगी। पार्षद ने बताया कि विधायक राजेश्वर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के प्रयास से यह इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई जा रही हैं। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद रामनरेश रावत के साथ प्रीतम सिंह, सतीश रावत, महिपाल सिंह, संतोष त्रिपाठी, अभय द्विवेदी, संजय रावत, गोपाल रावत, नीलमणि रावत, आनंद स्वरूप राठौर, उमेश कुमार, बेचालाल, मनीष साहू, आनंद कुमार, श्याम सुंदर राठौर, दीपक कुमार, रंजीत राठौर, शिवमंगल त्रिपाठी, मंजू देवी, राजेश्वरी देवी, शालिनी, निशा सिंह, मीना देवी, रोशनी, दुर्गा देवी, अंकित साहू और किरन सहित कॉलोनी के तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# घने कोहरे के कारण एयरपोर्ट में विमान सेवाओं का संचालन बुरी तरह अस्त-व्यस्त

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। घने कोहरे के कारण रविवार को राजधानी लखनऊ में विमान सेवाओं का संचालन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। आलम यह कि कम दृश्यता की वजह से जहां रविवार को लखनऊ आने जाने वाली करीब एक दर्जन उड़ानें निरस्त कर दी गईं। वहीं मस्कट से लखनऊ पहुंची ओमान एयर की उड़ान आसमान में कई चक्कर काटने के बाद भी लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। जिसकी वजह से उसे जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। लखनऊ में विमान सेवाओं का संचालन रविवार को सुबह 10 बजे के बाद ही शुरू हो सका। लेकिन इसके बावजूद ज्यादातर उड़ानें 6 से 7 घंटे विलंब रहीं। मालूम हो कि राजधानी लखनऊ में शनिवार रात से ही घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया। कोहरा ऐसा छाया कि रविवार देर सुबह तक भी नहीं छट सका। विजिबिलिटी (दृश्यता) कम होने की वजह से गुवाहाटी से दोपहर 1:40 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान, इलाहाबाद से शाम 5:15 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान, दिल्ली से शाम 5:45 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान और दिल्ली से ही शाम 6:40 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान के अलावा लखनऊ से सुबह 9:05 बजे गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की उड़ान, दोपहर 1:25 बजे अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान, दोपहर 2:20 बजे आगरा जाने वाली इंडिगो की उड़ान, शाम 6:20 बजे वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान, शाम 7:10 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान, शाम 8:10 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के अलावा लखनऊ से शाम 8:55 पर दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान निरस्त कर दी गई। वहीं मस्कट से सुबह 7:50 बजे लखनऊ आने वाली ओमान एयर की उड़ान भयानक धुंध के कारण चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। बल्कि वह काफी देर तक एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में चक्कर काटती रही। बाद में उसे नेपाल भेज दिया गया। लेकिन वहां भी विमान नहीं उतर सका। जिसकी वजह से उसे जयपुर डायवर्ट कर वहां उतारा गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह 10 बजे के बाद ही विमानों का संचालन शुरू हो सका। यहां से रात 2:05 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की पहली उड़ान सुबह 10 बजे रवाना हुई। इसके अलावा दिल्ली से सुबह 6:55 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 6 घंटा देरी से दोपहर 1:35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। इसी प्रकार दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान सुबह 8:00 बजे के बजाय दोपहर 12:25 पर लखनऊ पहुंची। दिल्ली से ही लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान सुबह 8:20 के बजाय दोपहर 12:45 पर लखनऊ पहुंची। दिल्ली से ही सुबह 9 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 7:45 घंटा विलंब से पहुंची। उधर लखनऊ से सुबह 5:40 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 6 घंटे देरी से रवाना हुई। इसी तरह लखनऊ आने जाने वाली सभी उड़ाने 5 से 8 घंटे विलंब रहीं। विमान रद्द होने और लेट लतीफ होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायिका जय देवी कौशल उपस्थित रही। मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम बिराहिमपुर में गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह द्वारा किसानों को आय दुगनी करने के कार्यों पर चर्चा करते हुए तकनीकी खेती करने पर जोर दिया गया खंड तकनीकी प्रबंधक माधवेंद्र सिंह चौहान द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा योजना के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इस मौके पर खंड तकनीकी सहायक विमल कुमार सिंह, चक्रेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ऐतिहासिक स्थल से रोडवेज बस चलवाने की ग्रामीणों ने की मांग

सुमेरपुर, उन्नाव। ऐतिहासिक स्थल डौड़ियाखेडा से लखनऊ से बस चलवाने के मांग क्षेत्रवासियों की तरफ से फसल चिकित्सक बृजेंद्र सिंह राजू के द्वारा की गई है। बृजेंद्र सिंह ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखकर ऐतिहासिक स्थल डौडिया खेड़ा से अहिरौरा - धानीखेड़ा-पाटन - मिर्री-पनहन - बेनी- बंथरा होते हुए चारबाग लखनऊ के लिए चलवाने की मांग की है। विगत हो डौडियाखेड़ा सोने की खुदाई में चर्चा में आया था। यहाँ पर किले के साथ कई ऐतिहासिक मंदिर भी स्थित है। कुछ माह पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजा रामरावबक्स की आश्वारोही प्रतिमा का लोकार्पण किया था। यहा से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर सिद्धपीठ माँ चंदिका देवी मंदिर भी है जहाँ से पतित पावत मां गंगा माता रानी के चरणों को स्पर्श कर बहती हैं। बस चलवाने के मांगपत्र पर राज बख्श सिंह ,सन्तोष कुमार सिंह, अवधेश सिहं, कृष्ण कुमार सिंह सहित कई समाजसेवियों ने भी सहमती दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगा दी अपनी जान

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिजार्पुर अजीगाव के मजरे गहाखेड़ा निवासी रहमान की पुत्री रूबीना ने अज्ञात कारणों से घर के अंदर फांसी लगा ली जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया वही जानकारी पर औरास पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस संबंध में जब थाना प्रभारी औरास रेखा सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है हालांकि परिजनो के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है अगर शिकायती प्रार्थना पत्र मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### बैसवारा क्रिकेट क्लब टीम ने रानीपुर टीम को 47 रन से किया पराजित

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के अंतर्गत रानीपुर में हो रहे टूनार्मेंट का आयोजन में, बीघापुर की टीम के दमदार कप्तान सुभम गुप्ता ने भाग लिया। रानीपुर टीम के कप्तान अकील ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। जिसमे पहले बीघापुर बैटिंग करते हुए 145 रन का लक्ष्य रानीपुर टीम को दिया। बीघापुर टीम ने रानीपुर टीम को 98 रन पर ही ऑल आउट कर दिया। बीघापुर बैसवारा क्रिकेट क्लब टीम के सलामी ओपनर बल्लेबाज शुभ व संजय के बीच 70 रन की एक शानदार पार्टनरशिप भूमिका निभाते हुए शुभ बाजपेई 25 रन सूरज चौधरी ताबड़तोड़ बैटिंग 35 रन संजय 50 की पारी खेल कर किया शानदार प्रदर्शन अपनी टीम के लिऐ किया। बीघापुर बैसवारा क्रिकेट क्लब टीम के शानदार गेंदबाजी करते हुए चिराग ने 3 विकेट व अमित परेरा ने 2 विकेट शिवम 2 विकेट लिया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभाते हुवे चाँद सुबराती व गुफरान ने निभाई जबकि स्कोरिंग का कार्यभार फुरकान व एलियंस ने संभाला। टूनार्मेंट के आयोजक अकील ने कहा कि मैं इसी तरह हर वर्ष टूनार्मेंट का आयोजन कराता रहूंगा।

# उपहार पाकर खिले युगलों के चेहरे

## परिवार परामर्श केंद्र और वामा सारथी ने किया युगलों का सम्मान

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र से युगलों की सकुशल विदाई की गयी। पुलिस फैमिली वेलफेयर वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी की जनपदीय अध्यक्षा इंदिरा और विशिष्ट अतिथि रजनी ने 08 सकुशल रहने वाले जोड़ों को आपस मे माल्यार्पण, मिष्ठान, पैंट शर्ट सेट, साड़ी, शाल, बुके, सुहाग सामग्री आदि भेंट कर सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दीं। इंदिरा ने जोड़ों के नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वयं गोद मे लेकर दुलार करते हुए मातृत्व का अनूठा प्रमाण प्रस्तुत किया। जीवन भर राजी खुशी साथ रहने का संकल्प लेने वाले जोड़ों ने मुखर स्वरों में पुलिस अधीक्षक और वामा सारथी अध्यक्षा सहित परिवार परामर्श केंद्र की टीम को बार बार धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारा घर बिखरने से बचाने का श्रेय परिवार परामर्श केंद्र को जाता है। परिवार परामर्श केंद्र सलाहकार मंडल के प्रभारी डॉ आशीष श्रीवास्तव, सलाहकारों कुँवर राजेन्द्र सिंह सेंगर, डॉ शशि रंजना, डॉ एस के पांडेय, डॉ मनीष सिंह सेंगर, सहयोगियों शिवेंद्र सिंह व अंकित सिंह रघुवंशी ने विदाइयाँ कराने में सक्रिय भूमिका निभायी। परामर्श केंद्र प्रभारी निरीक्षक संतोष, सह प्रभारी मधु श्रीवास्तव, महिला मुख्य आरक्षी मिथिलेश व सुरेखा शर्मा, आरक्षी अंजुला त्रिपाठी व साधना, उप निरीक्षक हरी कृष्ण शुक्ला के कुशल समन्वयन में सम्पन्न हुआ साप्ताहिक परिवार परामर्श कैम्प। सदर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा के सहयोग से आयोजित सम्मान समारोह का बडा ही सरस और आत्मीय संचालन डॉ आशीष श्रीवास्तव और डॉ मनीष सिंह सेंगर ने किया। इस अवसर पर सलाहकारों ने अपनी रचनाओं और गीतों से माहौल को खुशनुमा बनाया।

वामा सारथी अध्यक्षा

इंदिरा ने निःस्वार्थ भाव से हर रविवार को विवादित मामलों का निस्तारण कराकर बिगड़े रिश्तों को जोड़ने वाले सलाहकारों के आभार जताते हुए युगलों को हमेशा खुशी के साथ रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। सकुशल विदा होने वाले जोड़ों में राबिया पत्नी चांद, सीता पत्नी मुकेश, नीता पत्नी राजेश, पूनम पत्नी राजेश, शबाना पत्नी चांद, रिया पत्नी रमेश, राधा पत्नी सुरेश शामिल रहे और अन्य युगलों को अगले सप्ताह की तारीख दी गयी। इसी क्रम में महिला थाना से 05, थाना असोहा व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना फतेहपुर चौरासी, थाना मौरावां, महिला रिपोर्टिंग चौकी बीघापुर से 01-01 (कुल -20) पति-पत्नी के जोड़े की सकुशल विदाई की गई।

# अराजकत्त्वो ने अधिवक्ता के चेंबर में लगाई आग, दस्तावेज जलकर राख

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। बीती रात कचहरी स्थित वकीलों के दो चेंबर में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के लोग दौड़े और उन्नाव सदर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इस दौरान चेंबर में रखे सभी दस्तावेज जलकर राख हो गए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस से आग लगने की निष्पक्ष जांच करने की बात कही है। कहा जरूरत पड़ी तो मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। कचहरी में अधिवक्ताओं के लिए कुछ चेंबर बनवाये जा रहे हैं, जिनका निर्माण कार्य चल रहा है। बीती रात हो रहे निर्माण कार्य के दौरान कचहरी परिसर में अधिवक्ता काम कर रहे थे अचानक इसी दौरान रामनारायण द्विवेदी के चेंबर में अराजकतत्वों ने जलती हुई बोरी फेंक दी। जिससे चेंबर धू धू कर जलने लगा। इसी दौरान बगल में रामप्रताप के चेंबर में भी आग की लपटें पहुंच गईं। जिससे वह भी जल गया। आग की लपटें देख मौजूद अधिवक्ता दौड़े। इसकी सूचना दमकल विभाग और उन्नाव कोतवाली पुलिस और बार एसोसिएशन अध्यक्ष को दी। कचहरी परिसर में आग की सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर दोनों चेंबर में लगी आग को बुझाया। इस दौरान चेंबर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसके साथी हजारों का नुकसान भी पहुंचा है। वहीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने अराजकतत्वों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। कहा कि चुनाव का समय है, ऐसे में कई लोग ईर्ष्या वश इस तरह के कदम उठाते हैं। अधिवक्ताओ के चेंबर में कोई बिजली कनेक्शन नहीं है, इससे साजिश की तरफ इशारा जा रहा है।

# घर में लगे समरसेबिल पंप में उतरा करंट, देवरानी जेठानी की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में एक घर में देवरानी जेठानी सबमर्सिबल पंप में पानी भरने गई थी। इसी दौरान उसमे करंट उतरने से दोनों चिपक गई। घर में मौजूद लोगों ने जब तक उन्हें छुड़ाया तब तक उनकी हालत गंभीर हो गई। परिवारीजन अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार कोतवाली सफीपुर के किला बाजार गढ़ा के रहने वाले संतोष और गोविंद सगे भाई हैं। रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजे घर में मौजूद नीलम 27 वर्ष पत्नी संतोष, प्रियांशी 24 वर्ष पत्नी गोविंद पानी भरने के लिए लगे सबमर्सिबल पंप में पहुंची। मोटर चालू करने के दौरान ही सबमर्सिबल में करंट आ गया जिससे जेठानी नीलम देवरानी प्रियांशी चपेट में आ गई। कुछ देर तक कोई हरकत ना होने पर घर में मौजूद पारिवारिक जनों ने उन्हें देखा। पंप का तार जैसे ही हटाया दोनों जमीन पर गिर गई और गंभीर रूप से झुलस गई। पारिवारिक जन उन्हें आनन फानन निजी वाहनों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक नीलम के दो बेटियां हैं बड़ी बेटी 4 वर्ष की और छोटी 5 माह की है वर्ष 2020 में विवाह हुआ था। वही प्रियांशी का 3 साल पहले विवाह हुआ था जिसके 1 वर्ष का बेटा है। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की है।

# 13 वा वार्षिकोत्सव पर विशाल साईं शोभा यात्रा निकाली गई

**कथा के अंतिम दिन उमड़ा जनसैलाब**

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। साईं शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्याओं में भक्तों ने हिस्सा लिया। ढोल नगाड़े की धुन में भक्त नाचते नजर आए। यह यात्रा शहर के अलग-अलग हिस्सों से होते हुई निकाली गई है। यात्रा में एक खुली गाड़ी में साई बाबा की भव्य मूर्ति पूरी सजावट के साथ रखी गई थी। इसके साथ लगभग 40 छोटे वाहन और 500 साई भक्त पैदल यात्रा में सम्मिलित हुए। जगह-जगह भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। साईं शोभा यात्रा में कथा वाचक देवी दीक्षा अवस्थी भी शामिल रहीं साईं शोभा यात्रा के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा बाबा ने बताया कि भक्तगणों ने हर कदम कदम पर स्वागत किया हर चौराहा पर लोगों ने साईं शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के लिए खाने पीने की उचित व्यवस्था की है साईं शोभा यात्रा भरत मिलाप से निकालीं गई जो कि मोती नगर हरदोई पुल नगर पालिका रोड धवन रोड मोड़ बड़ा चौराहा छोटा चौराहा लोक नगर से होकर साईं पुरम स्थित सांई मंदिर पहुंची। कार्यक्रम में उपस्थित रहे सदर विधायक पंकज गुप्ता उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष चेतन मिश्रा भाजपा नेता श्याम बहादुर प्रजापति सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# पांचवे पायदान पर पहुंची नगर पालिका

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगाघाट नगर पालिका परिषद का पिछले का साल का स्वच्छ सर्वेक्षण का आकलन घोषित किया गया है। जिसमें कई सालों से नंबर एक रही पालिका इस बार फिसड्डी साबित हुई। आखिरकार पांचवें पायदान पर नीचे खिसक गई। जिससे पालिका को एक बड़ा झटका लगा है। जगह-जगह कूड़े और कचरे के बजबजा रहे नाले और ठीक से सफाई न होना इसका नतीजा बताया जाता है। वर्ष 2019-20 में उत्तर भारत में पालिका गंगाघाट का स्थान प्रथम स्थान पर रहा था, उस समय तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी सुनील मिश्रा ने सफाई व्यवस्था की कमान संभाली थी। वहीं वर्ष 2021-22 में भी गंगाघाट टाउन में प्रथम स्थान रहा था। इस बार सफाई व्यवस्था ठीक से न होने के कारण पालिका को मुंह की खानी पड़ी। इस साल गंगाघाट टाउन स्वच्छ सर्वेक्षण में पांचवें स्थान में सफाई के मामले में पालिका रही है। बता दें कि 650 निकाय में यह पांचवा स्थान दिया गया है। एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि कहीं न कहीं सफाई व्यवस्था में खामियां रही हैं। अन्यथा वह सफाई पर विशेष ध्यान रखते हैं। वहीं देखा जाए तो राजधानी मार्ग के दोनों नालों की सफाई न होने के कारण बजबजा रहे हैं। जबकि पालिका के पास अब सफाई के सारे संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद ठेके पर सफाई व्यवस्था होने के कारण लोगों को सफाई व्यवस्था न होने का दंश झेलना पड़ रहा है। बारिश होती है तो खुलती है पालिका की पोल गंगा घाट पालिका की पोल तब खुलती है, जब बरसात में पहली बारिश होती है। बारिश के आधे घंटे बाद हीशहर की मुख्य मार्ग से लेकर प्रमुख गलियां पानी से भर जाती हैं और लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता है। उसे निकालने में हफ्तों तक समय लगता है। कहीं ना कहीं पालिका की लापरवाही के चलते लोगों को मुसीबत से जूझना पड़ता है।

# भीषण ठंड व घने कोहरे के चलते मार्गों पर रेंगते वाहन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। पिछले कई दिनों से सर्दी का प्रकोप जारी है सुबह से लेकर रात तक पड़ रही कड़ाके की सर्दी व कोहरे ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। कोहरे की धुंध में जहां वाहन रेंगते हुये निकलने का मजबूर हैं। वहीं ट्रेनों के पहियों में भी ब्रेक लग गया है। कई घंटों तक विलंब से चल रही है। सुबह कोहरे के चलते विजिबिलिटी शून्य रही। जनवरी शुरू होते ही सर्दी ने अपना कड़ा रुख आगाज किया है। सुबह शाम भीषण कोहरा और सर्दी की गलन हो रही है। रात के नौ बजते ही लोग घरों में दुबकने लगते हैं। बीते दिन भी सुबह से शाम तक आसमान में कोहरे की धुंध छाई रही। शाम होते ही इतना घना कोहरा छा गया। पास से निकलने वाले वाहन कई बार टकराते बच गए। लोगों ने हेड लाइट में पीली पन्नी लगा रखी थी। जिससे दूसरा वाहन चालक दूर से रोशनी देख सके और दुर्घटना न हो सके। दोपहिया और चौपहिया वाहन रेंगते हुये निकलते हैं। इसके साथ ही सुबह के समय पड़े कोहरे और बढ़ी गलन के कारण हाथों की उंगलियां तक सुन्न हो गई। लोग आग के आस पास बैठे रहे, फिर भी उनकी कंपकंपी छूटती रही। जिससे सर्दी में लोग परेशान रहे। अब ठंड कम होने के हाल फिलहाल आसार नही दिखाई दे रहे है। सर्दी बढ़ने से खूब बिक रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी के दूसरे सप्ताह तक पड़ रही भीषण सर्दी के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में हीटर गीजर ब्लोअर के अलावा अन्य उपकरण की बिक्री खूब हो रही है जिससे दुकानो का स्टॉक खत्म हो गया है। बाजार में भी ठंड से बचाव करने वाला छोटा हीटर 110 रुपये से 200 रुपये तक, बड़ा हीटर 650 रुपये से 1300 रुपये, ब्लोअर 950 रुपये से 1250 रुपये, हैलोजन हीटर 800 से 900 रुपये, गीजर 5000 से 8000 रुपये तक बेचा जा रहा है।

# दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मवई गांव निवासी दशरथ पुत्र भैया लाल ने बीते 19 नवंबर 2023 को प्रार्थना पत्र दे आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिक पुत्री जो परिजनो को बिना बताए कही चली थी वही पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी जांचों उपरांत गुमशुदा नाबालिक युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया था और विवेचना में पास्को व एस सी एस टी एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए दुष्कर्मी निसार उर्फ अग्गा पुत्र शमशाद उर्फ गपचले निवासी ग्राम पिरौरी को शीशी चौराहे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया वही गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामराज अवस्थी मुख्य आरक्षी उपेंद्र पटेल आरक्षी त्रिवेणी प्रसाद आदि रहे।

# शोपीस बना वर्षो से बंद पड़ा है सरकारी नलकूप

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। ब्लॉक सुमेरपुर के अंतर्गत कीरतपुर ग्रामसभा में सरकारी नलकूप बंद होने की वजह से सैकड़ो किसान निजी संयंत्रों के भरोसे खेती कर रहे। यहा के किसानो में रामपाल ,लाला, दुर्गेश आदि बताते है कभी इस सरकारी बोरिंग का पानी कीरतपुर, छाछी राईखेडा सुमेरपुर, ताजकपुर व केदारखेड़ा के किसानों तक पहुचता था। इसके लिए भूमिगत लोहे की पाइपें डाली गई थी। जगह जगह चैम्बर बनाये गए थे जिनमें एक विशेष प्रकार की चाभी लगती थी चाभी लगाने पर पाइप का मुंह खुल जाता था और पानी लिया जा सकता था। सरकारी नलकूप से एक नहर भी है जो तकिया माइनर को जोड़ती है। इस नहर से आसपास के गाँवो के तालाब भी भर जाते थे जिससे पशु पक्षियों के लिए सुविधा थी। अब इस नहर को लगभग पाट कर खेत बना लिए गए। काफी लंबे समय से ये नलकूप खराब पड़ा है। आसपास के निजी नलकूप मनमाने रूप से सिचाई हेतु किसानों से पैसे वसूलते है। कुछ समय पूर्व तक इसमे आपरेटर भी रहता था अब वो भी नही है। ग्रामवासियों में लाला पाल, हेमू, राजाराम पाल, गुड्डू तिवारी, नरेश मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा आदि से शासन से नलकूप चलवाने की मांग की है।

# तीर्थ संग चारो धाम आ रहे है - आज अयोध्या में राम आ रहे है

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। तकिया - पाटन मेले चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमो में रविवार को शानदार कवि सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे आसपास जिलों के वाणीपुत्रो की रचनाओं को खूब सराहा गया। कार्यक्रम की शुरूवात सर्वप्रथम भगवन्तनगर विधायक ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता चंद्रकांत बाजपेयी द्वारा जबकि संचालन बाराबंकी के वाणीपुत्र राम किशोर तिवारी द्वारा किया गया। सबसे पहले माँ सरस्वती का वंदन शिव किशोर खंजन द्वारा किया गया। कमलेश शुक्ला -उन्नाव ने अपने छंदो के माध्यम से 'लक्ष्मणो से सिया अपहरण हो रहा-संस्कृति खो रही आचरण रो रहा पंक्तियां पढ़ कर समाज मे बढ़ रहे कुप्रचलन पर प्रहार किया। अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रदीप शर्मा ने पंक्तियां -तीर्थ संग चारो धाम आ रहे है, आज अयोध्या में राम आ रहे है सुना कर पंडाल में श्रोता में जय श्री राम के नारे लगाने लगे। मधुप श्रीवास्तव 'नर कंकाल' ने जब ये पंक्तियां सुनाई 'हर युग मे खल रहे है, जलने वाले जल रहे प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही कुछ के प्राण निकल रहे है, लोग ठहाके लगाने पर मजबूर हो गए। संचालन कर रहे बाराबंकी के रामकिशोर तिवारी ने मुक्तक तुम स्वयं अपना दीपक जलाओ सखे, सो गई चेतना को जगाओ सखे- सुना कर लोगो मे जोश भर दिया। अन्य वाणीपुत्रो में राजेश वर्मा ,आदर्श सिंह राठौर, शिव किशोर खंजन ,प्रवीण शर्मा, प्रख्यात मिश्रा ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी मायाराय ,तहसीलदार अरशला नाज, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, आशू बाजपेयी, जागेश्वर अवस्थी ,विधूभूषण 'विधु' संस्थापक अध्यक्ष ह्र्दयांगन सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

# समाजसेवी द्वारा कराया गया नेत्र शिविर का आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। जनपद की आदर्श नगर पंचायत औरास के माता भुईया देवी मंदिर प्रांगण में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय कैसरबाग लखनऊ के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया वहीं इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार के द्वारा आए हुए मरीजों की जांच की गई वह परामर्श दिया गया वहीं कैंप में आए हुए टीम में राकेश कुमार मौर्य कैंप इंचार्ज नेत्र विशेषज्ञ विनय कुमार कंचन मौर्य प्रीति त्रिपाठी शिखा दीक्षित प्रतिभा सिंह सेजल मोदनवाल रहे जिसमें की 65 लोगों ने पंजीकरण कराया वही 38 लोगों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया वही चयनित मरीजों को आगामी 20 फरवरी को लखनऊ बुलाया गया है व 27 लोगों को चश्मे के लिए चयनित किया गया यह आयोजन रामचंद्र दिनकर एडवोकेट हाई कोर्ट लखनऊ की देखरेख में किया गया व मुकेश जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# कार सेवको को अछत वितरण के दौरान अंग वस्त्र ,प्रतीक चिन्ह दे कर किया गया सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। क्षेत्र के असोहा , बरौली , पिपरी ,बाबुरहा ,सहित अन्य गांवों में अयोध्या में बन रहे राम मन्दिर निर्माण के पूजित अछत घर घर बांटे गए । अछत यात्रा में हर गांव के लोग अपनी सहभागिता करते हुए घण्टे ,घड़ियाल ,शंख ,बाजे गाजे के साथ पूरे गांवो में घर घर जा कर लोगो को अछत वितरित करवा रहे है । ग्रामीण स्तर पर महिला युवाओ में राम मंदिर को लेकर इतना उत्साह है अछत वितरण के दौरान डी जे पर बजने वाले राम भजन राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी पर नाचते गाते नजर आए । अछत अभियान प्रमुख भाजपा नेता संजय शुक्ल ने घर घर जा कर लोगो को राम लला के दर्शन करने का निमंत्रण अछत के माध्यम से दिया साथ ही राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह भी लोगो को दिया । असोहा मुख्यालय पर आज अछत वितरण के दौरान वर्ष 92 में अयोध्या मन्दिर में कार सेवा कर चुके छेत्र के प्रमोद शुक्ल , दिनेश पांडेय , छोटे लाल गोस्वामी , रवि तिवारी , वंश गोपाल गोस्वामी को अंग वस्त्र वा प्रतीक चिन्ह देकर समानित कियागया । इस दौरान जिला सह कार्यवाह रणेंद्र जी खण्ड संघ चालक सुनिल सिंह , सह खण्ड कार्यवाह बलराम तिवारी , गुड्डु महाराज , राजेन्द्र पाल ,मुन्नासिंह , अखिल , प्रवीण शुक्ल , शिवांक ,ऋषभ , बउवा सोनी आकाश विश्वकर्मा सहित सैकड़ो की सँख्या में लोग रहे ।

## चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामारिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी ₹भारत से सीखना₹ चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन' की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।



नौ वर्ष
पीटी उषा

# खेल क्षेत्र में हुए बुनियादी बदलाव

> पिछले नौ वर्षों के दौरान भारतीय खेलों में हुए अभूतपूर्व बदलाव वास्तव में विस्मयकारी रहे हैं। खेलों पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान और खेल विकास के प्रति सरकार के समग्र दृष्टिकोण के फलस्वरूप भारत ने अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। हमारे एथलीटों ने ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर और रिकॉर्ड बनाकर नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारतीय खेल को अब विश्व स्तर पर सम्मान मिलता है और हमारे एथलीटों को सच्चे चैंपियन के रूप में देखा जाता है।मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि खेल, सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है।

एक खिलाड़ी के रूप में अपनी यात्रा पर विचार करने और अब भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष होने पर, मैं गर्व और संतुष्टि की गहरी भावना से अभिभूत हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, पिछले नौ वर्षों के दौरान भारतीय खेलों में हुए अभूतपूर्व बदलाव वास्तव में विस्मयकारी रहे हैं। परिवर्तनकारी अवसंरचना विकास से लेकर विशेष ध्यान केंद्रित करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम और धनराशि आवंटन को बढ़ाने तक, हमारे देश ने खेल उपलब्धियों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है। भारतीय खेलों में हुए इस बदलाव के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक है-विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली महिला एथलीटों का अविश्वसनीय प्रदर्शन। विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के बावजूद इन महिलाओं ने अद्वितीय दृढ़ संकल्प और सहनशीलता का प्रदर्शन किया है। एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन और मुक्केबाजी जैसे खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी उल्लेखनीय सफलता; उनकी अदम्य भावना और अटूट समर्पण का प्रमाण देती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। एथलीटों के कल्याण में उनके अटूट समर्थन और वास्तविक रुचि से विश्वास और प्रेरणा की एक मजबूत भावना विकसित हुई है। एथलीटों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत, उनके प्रोत्साहन के शब्द और खिलाड़ियों की प्रगति में उनकी गहरी दिलचस्पी से खेल बिरादरी में गर्व और जिम्मेदारी की भावना पैदा हुई है। यह व्यक्तिगत जुड़ाव; भारतीय एथलीटों के आत्मविश्वास बढ़ाने और विजेता बनने की मानसिकता के निर्माण में एक लंबी दूरी तय कर चुका है। खेलों के बजट आवंटन में भारत सरकार द्वारा की गई वृद्धि, हमारी सफलता की एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति रही है।

खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति की पहचान करते हुए, सरकार ने खेलों के लिए धनराशि आवंटन को लगातार प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप अवसंरचना निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एथलीटों के कल्याण में गुणात्मक वृद्धि हुई है। बढ़ी हुई वित्तीय सहायता ने एथलीटों को बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किए हैं और इससे यह भी सुनिश्चित हुआ है कि उनका ध्यान केवल खेल उत्कृष्टता हासिल करने पर बना रहे। खेलो इंडिया पहल, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और एक मजबूत जमीनी आधार तैयार करने में सहायक रही है। इस कार्यक्रम ने न केवल खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित किया है, बल्कि युवा एथलीटों को महत्वपूर्ण समर्थन और मार्गदर्शन भी प्रदान किया है। खेलो इंडिया; अंतर-स्कूल और अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन करके देश के कोने-कोने से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने में सफल रहा है। कार्यक्रम ने युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने के लिए



आवश्यक विश्वास और प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। इस प्रतियोगिता ने खेल के प्रति जुनून को जागृत किया है और भविष्य के चैंपियन के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया अभियान ने देश की आरोग्यता और तंदुरूस्ती के परिदृश्य को बदलने में एक उत्प्रेरक की अहम भूमिका निभाई है।

एक सक्रिय जीवन शैली के महत्व पर जोर देते हुए, अभियान ने लाखों भारतीयों को खेलों को अपनाने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। एक आरोग्य और स्वस्थ राष्ट्र की ओर इस बदलाव ने हमारे एथलीटों की सफलता में प्रत्यक्ष योगदान दिया है, क्योंकि शारीरिक तंदुरूस्ती खेल उत्कृष्टता की आधारशिला होती है। लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स), भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक है। टॉप्स का कार्यान्वयन गेम-चेंजर रहा है, क्योंकि यह देश की बेहतरीन खेल प्रतिभाओं की पहचान करता है और उनका पोषण व मार्गदर्शन करता है। इस योजना के माध्यम से, एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, विशिष्ट कोचिंग और वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। इस योजना से यह भी सुनिश्चित हुआ है कि उनके पास वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। व्यक्ति आधारित ध्यान और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने निस्संदेह हमारे एथलीटों के असाधारण प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना ने भारत में खेल परिदृश्य में क्रांति ला दी है। ये केंद्र अत्याधुनिक अवसंरचना, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं तथा शीर्ष प्रशिक्षकों व सहायक कर्मचारियों तक पहुंच आदि की सुविधा प्रदान करते हैं। एनसीओई उत्कृष्टता के केंद्र बन गए हैं, जहां एथलीट विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और अंतरराष्ट्रीय मानकों से अवगत होते हैं। इसने खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इससे उन्हें अपनी वास्तविक क्षमता का अनुभव प्राप्त करने में सहायता मिली है।

खेलों पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान और खेल विकास के प्रति सरकार के समग्र दृष्टिकोण के फलस्वरूप भारत ने अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। हमारे एथलीटों ने ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर और रिकॉर्ड बनाकर नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारतीय खेल को अब विश्व स्तर पर सम्मान मिलता है और हमारे एथलीटों को सच्चे चैंपियन के रूप में देखा जाता है। मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि खेल, सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। युवा भारतीयों को खेलों से अवगत कराने से उनके शारीरिक स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण में सुधार होगा तथा यह सामाजिक सुधार और हमारे मानव संसाधन विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार, जिसने अभी-अभी अपना 9वां वर्ष सफलतापूर्वक पूरा किया है, के साथ मिलकर भारतीय ओलंपिक संघ सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा है कि हमारे युवा विभिन्न प्रकार के खेलों में रुचि लें, ताकि हम एक देश के रूप में महान ओलंपिक आदर्श 'सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस'; अर्थात अधिक तेज, अधिक ऊंचा, अधिक मजबूत के लक्ष्य के और करीब पहुंचें।

## दिवस विशेष

डॉ.संजय शुक्ला



# युवा धार्मिक सहिष्णुता के प्रति जिम्मेदारी निभाएं

आज भारत के अलौकिक आध्यात्मिक संत और महापुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती है जिसे 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वस्तुतः विवेकानंद ही सही मायनों में युवाओं के 'रोल मॉडल' हैं जिनके विचार उन्हें हर चुनौतियों में विजय की राह दिखाती है। वर्तमान परिवेश में जब देश में धार्मिक समरसता पर खतरा मंडरा रही है तब धर्म के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा था कि धर्म वह नैतिक बल है जो व्यक्ति और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करता है उनकी धर्म की मीमांसा सार्वभौमिक थी।इतिहास गवाह है कि भारत में स्वामी विवेकानंद से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती जैसे अनेक युवा हुए हैं जिन्होंने देश में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाया है।

भारत में धर्म हमेशा युवाओं के लिए आस्था और जिज्ञासा का विषय रहा है। वर्तमान आधुनिक दौर में सभी संप्रदायों के युवाओं में धर्म और आध्यात्म के प्रति आकर्षण बड़ी तेजी से बढ़ा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज 'सीएसडीएस' लोकमत द्वारा कुछ अर्सा पहले किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक 70 फीसदी हिंदू, 72 फीसदी मुस्लिम, 82 फीसदी सिख, 74 फीसदी ईसाई और 46 फीसदी अन्य धर्मों से जुड़े युवा प्रमुख धार्मिक अवसरों पर मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा और गिरजाघर में जाकर पूजा व प्रार्थना करते हैं। सर्वेक्षण की पुष्टि विभिन्न धर्मों से जुड़े युवाओं के उनके पूजा और तीर्थ स्थलों में अच्छी खासी उपस्थिति से हो रहा है। हिंदू धर्म से जुड़े युवा नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक पर्वों और अनुष्ठानों के दौरान व्रत व पूजा करते हैं वहीं मुस्लिम युवा भी रमजान के महीने में रोजा रख रहे हैं तथा सिख और ईसाई धर्म से जुड़े धार्मिक अवसरों पर गुरूद्वारा और चर्च जरूर जाते हैं।

दरअसल आस्था और अंधविश्वास दोनों अलग-अलग हैं, आस्था जहां युवाओं में साकारात्मकता लाता है जिससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है वहीं अंधविश्वास लोगों में नाकारात्मक भाव पैदा करता है जिससे आत्मबल कमजोर होता है। स्वामी विवेकानंद धर्म और आध्यात्म के पक्षधर थे लेकिन वे अंधविश्वास, छुआछूत और रूढ़िवादी व्यवस्था के सख्त विरोधी थे।आज के दौर में युवाओं के सामने किसी चुनौती पर सफलता हासिल करने के लिए उनमें भरपूर आत्मविश्वास होना जरूरी है भले ही यह धार्मिक आस्था के सहारे ही क्यों न हो आखिरकार धर्म हमें नैतिकता की भी सीख देती है। यदि विभिन्न धर्मों के धार्मिक परंपराओं, पूजा और उपासना पद्धति, होम -हवन, पूजा मुद्राओं, पर गौर करें तो इन परंपराओं का भौगोलिक, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकीय आधार है जिससे वैयक्तिक और सामुदायिक स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इन विश्लेषणों के आधार पर धार्मिक आस्था को वैज्ञानिक और अंधविश्वास को पूर्णतः अवैज्ञानिक माना जा सकता है लिहाजा युवाओं को आस्था और अंधविश्वास के बीच फर्क को समझते हुए अंधविश्वास से दूर रहना होगा बल्कि समाज को भी इस दिशा में जागरूक करना चाहिए। दूसरी ओर युवाओं में बढ़ती धार्मिक आस्था के बीच चिंताजनक खबर यह भी है कि युवाओं का एक समूह धार्मिक कट्टरवादी संगठनों के मुहिम का हिस्सा बनने लगे हैं। वर्तमान राजनीतिक हालात पर गौर करें तो अमूमन सभी राजनीतिक दल वोट बैंक की सियासत के चलते धार्मिक कट्टरवाद व तुष्टिकरण की सियासत को आगे बढ़ा रहे हैं फलस्वरूप देश में सांप्रदायिक नफरत और अविश्वास की भावना बड़ी तेजी से पनप रही है। राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के आईटी सेल अपनी सियासत साधने के लिए सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट के जरिए युवाओं के धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। विडंबना है कि अमूमन सभी धर्मों के युवा शिक्षा और रोजगार जैसे उनसे जुड़े बुनियादी मांगों के लिए आवाज उठाने की जगह कट्टरवादी धार्मिक संगठनों के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। बीते कुछ सालों में विभिन्न शहरों में धार्मिक जूलूसों और पर्वों के दौरान हिंसा और आगजनी की घटनाओं तथा सांप्रदायिक दंगों में युवाओं की संलिप्तता इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत अनेक धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं वाला देश है

# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यटन का सरताज है हमारा देश

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*- रामचरण सोनी, भाटागांव*

## ट्रेंड

### चादर भेंट की



मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### लड़ेंगे और जीतेंगे



कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### मेहनत का सम्मान



रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### इतिहास में दर्ज




यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।

-राहुल देव, पत्रकार

## करंट अफेयर

# गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं



## ऑफ बीट

# एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें

इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं



संक्षेप

## घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गोकुल खेड़ा गांव में बीती रात छत के रास्ते से चढ़े अज्ञात चोरों ने घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पार कर दी, इसकी जानकारी गृह स्वामी को सुबह हुई तो घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गोकुल खेड़ा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने गुड्डू पुत्र स्वर्गीय लालू के घर में छत के रास्ते से चढ़कर घर में प्रवेश कर गए और घर में रखें जेवरात तथा नगदी लेकर फरार हो गए इसकी जानकारी गृह स्वामी गुड्डू को सुबह हुई तो घटना की सूचना अजगैन कोतवाली पुलिस को दी गृह स्वामी गुड्डू का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ घर के कमरे में सो रहा था चोरों द्वारा उसके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया और घर में चोरी की गई जब वह सुबह सो कर उठा तो कमरे का दरवाजा बंद देख मोहल्ले वासियों को आवाज लगाई जिससे मोहल्ले वासियों ने उसके घर का दरवाजा खोला तब उसको चोरी की जानकारी हुई अजगैन कोतवाली में गृह स्वामी के द्वारा दिए गए तहरीर में उसने कहा है कि चोरों द्वारा लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात व 18000 रुपए नगद चोरी कर ले गए हैं। घटना की सूचना पर अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा डाक स्क्वायड बुलाकर भी मौके पर पड़ताल कराई एक वार्ता के तहत अजगैन कोतवाली प्रभारी ने बताया की घटना की जांच की जा रही है बहुत जल्द चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## संदिग्ध अवस्था में अज्ञात वृद्ध की मौत

### एसपी आवास के पास मिला शव, इस कड़ाके की ठंड में शरीर पर थी केवल एक धोती

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर में गुरुवार को संदिग्ध अवस्था में एक वृद्ध का शव पुलिस अधीक्षक आवास के पास मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसके बाद प्रशासनिक अमला सवालों के घेरे में आ गया। कड़ाके की ठंड में वृद्ध का शरीर एक धोती में लिपटा हुआ था। दरअस्ल कोतवाली नगर के कुड़वार नाका स्थित एसपी आवास के पास आज एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव पाया गया। शव देखते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने सीओ सिटी शिवम मिश्रा को घटना की सूचना दिया। जिस पर घंटाघर चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर मर्च्युरि में भेजा। पहचान के लिए फोटो सोशल मीडिया पर डाली गई। इस फोटो में साफ दिख रहा है कि वृद्ध एक धोती में लिपटा हुआ है। लापरवाही की ये स्थिति तब देखने को मिली है जब जिम्मेदार अधिकारी रैन बसेरे का मौका मुआयना कर रहे हैं। एसडीएम से लेकर विधायक और स्वयं सेवी संस्थाएं मुफ्त कंबल वितरण का ढिंढोरा पीटकर कंबल वितरण की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं।

## नोडल अधिकारी ने जिले के गोआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

### गायों को ठंड से बचने के लिए करें पुख्ता इंतजाम: आनंद शुक्ला

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। जिले में संचालित गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु जिले के भ्रमण पर आये शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी अपर निदेशक सूडा आनन्द कुमार शुक्ला ने शुक्रवार व शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पाण्डेय, उप जिला अधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, महसी के राकेश कुमार मौर्या, मिहींपुरवा के संजय कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद वर्मा तथा सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित के साथ ब्लाक मिहींपुरवा अन्तर्गत अस्थायी गोआश्रय स्थल मोतीपुर, पोण्डा व वृहद गो संरक्षण केन्द्र सेमरहना एवं पयागपुर के अस्थायी गो आश्रय स्थल सतपेड़िया व बनकटा तथा तेजवापुर के अस्थायी गोआश्रय स्थल टेण्डवा सिस्टीपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री शुक्ला ने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं भरण पोषण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारी गोवंशों को ठंड से बचाव के लिये पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में काबोर्हाइड्रेट उपलब्ध कराया जाय साथ ही पीने के लिए स्वच्छ ताजे जल का प्रबन्ध किया जाय। गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त भूसा, हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड की व्यवस्था भी रखी जाय। आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिये शेड को जूट के बोरे/तिरपाल से कवर किया जाय। इसके लिये विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध अनुपयोगी बोरा/टाट आदि को गौ आश्रय स्थलों पर उपलब्ध कराकर प्रयोग में लाया जाय। नोडल अधिकारी ने यह भी सुझाव दिया कि गो आश्रय स्थलों में दिन के समय पशु शेडों के टाट व तिरपाल को खोल दिया जाय जिरासे शेड में पर्याप्त धूप पहुंच सके और फर्श सूखा बना रहे। गो आश्रय स्थलों में नियमित रूप से गोबर व गो मूत्र की सफाई की समुचित व्यवस्था करायी जाय तथा समय समय पर बिछावन को बदले जाने के भी माकूल बन्दोबस्त किये जायें।शीत ऋतु में वृद्ध, अशक्त व नवजात गोवंश पर विशेष ध्यान दिया जाय। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे कोई भी गोवंश रात्रि में खुले स्थान में न रहने पायें, इसके लिए पृथक रूप से विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। नोडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से आच्छादित परिवारों से दूरभाष पर बात की तथा भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया गोआश्रय स्थल पर तैनात केयर टेकर सहित अन्य कार्मिकों का समय से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

## जय श्री राम के नारे से नाराज दबंग ने युवक पर धारदार हथियार से किया हमला, मौत

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। थाना गंगाघाट क्षेत्र के चंपा पुरवा निवासी भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष विनोद कश्यप अपने छोटे भाई दुर्गा शंकर कश्यप के साथ रविवार सुबह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जय श्री राम के जय घोष लग रहे थे तभी गोताखोर मोहल्ले में रहने वाला हिस्ट्रीशीटर काले खान अपने साथियों के साथ पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा इस दौरान उसने किसान नेट पर तलवार और कट्टे की बट से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए बीच बचाव करने आए भाई दुर्गा शंकर को भी मारपीट कर सिर फोड़ दिया और कई राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई वहीं पर जान घायल किसान नेता को इलाज के लिए कानपुर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मौत होने पर गंगा घाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची शांति व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में पुलिस तैनात हो गई है। सूचना पर गंगा घाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने पूछताछ की है। वहीं फारेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी समेत तमाम लोग मौके पर पहुंचे। जहां परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया। जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया है। वहीं परिजन गुस्सा गये और आरोपी गिरफ्तारी को लेकर हंगामा काटने लगे। जिसके बाद नवीन पुल के पास पहुंचे और पुल पर जाम लगा दिये। जिससे लंबा जाम लग गया। जाम के कारण सैकड़ों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जिसके बाद बीघापुर सीओ समेत, दही और उन्नाव पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक भीषण जाम लगा रहा।

## गैस लीकेज से अधेड़ युवक झुलसा, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव मे चाय बनाते समय गैस लीकेज हो जाने से आग लग गई जिससे.एक अधेड़ गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया।अधेड़ दो मंजिले पर खाना खाने गया था। घायल को परिजन सी एच सी ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के की ग्राम पंचायत समसपुर अटिया कबूलपुर के मजरा ग्राम समसापुर भूड़ निवासी लगभग उन्नचास वर्षीय रामकुमार पुत्र कन्हई शनिवार देर शाम घर की छत पर बने कमरे में खाना खाने गए थे।खाना खाने के बाद वह कमरे में रखे गैस चूल्हे पर चाय बनाने लगे किन्तु पहले से लीक हो रही गैस से अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर रामकुमार गंभीर रूप से झुलस गए ।वही आग की धमक से कमरे की दीवार ढह गई। परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## शीतलहरी से बचने के लिए चेयरमैन द्वारा जरूरतमंदो को किया गया कम्बल वितरण



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में शीतलहरी से बचने के लिए जरूरतमंदों को चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य द्वारा कम्बल वितरण किया गया। रविवार की दोपहर 12:00 बजे से नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए राहत प्रदान करने हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य द्वारा कंबल वितरण किया गया। डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने बताया कि भीषण ठंड पड़ रही है जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं रैनबसेरे में ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ नगर के जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड से 15 से 20 जरूरतमंदों को चिन्हित किया गया है तथा उन्हें नगर पंचायत के सभागार में सामूहिक रूप से कंबल वितरित किया गया इस अवसर पर सभासद गुड्डू मद्धेशिया, मनोज प्रजापति, अशोक यादव,देशराज वर्मा,जाकिर, ध्रुवराज वर्मा, रजा इमाम रिजवी भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रतन अग्रवाल, व्यापार मंडल के महामंत्री संजय वर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम एवं तहसीलदार ने विशेष सफाई अभियान की किया शुरूआत




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित एवं तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की गई। जिसके अंतर्गत तहसील परिसर कैसरगंज में एसडीएम कैसरगंज एवं तहसीलदार ने स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करने का संदेश दिया एवं राम जानकी मंदिर में एसडीएम के संग अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कैसरगंज मोहम्मद यूसुफ अध्यक्ष नगर पंचायत कैसरगंज कैसरगंज शिवम द्विवेदी तहसील के समस्त कर्मचारी झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करने का संदेश दिया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि लोग अपने आसपास विशेष कर सार्वजनिक स्थानों का विशेष रूप से साफ-सफाई में ध्यान दें एवं स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब बनायें। उपजिलाधिकारी कैसरगंज ने बताया कि 16 तारीख से सभी मंदिरों को रंग रोशन किया जाएगा उसमें भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, साथ ही साथ 24 जनवरी को दीपोत्सव की तैयारी भी की जा रही है।इस मौके पर नगर पंचायत कैसरगंज के समस्त कर्मचारी एवं तहसील कैसरगंज के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## रुपईडीहा में ठंड से बचाव के लिए बनाया गया रैनबसेरा

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।नगर पंचायत रुपईडीहा द्वारा रैनबसेरे का संचालन रुपईडीहा धर्मशाला में किया जा रहा है।इसके संचालन हेतु सुपरवाइजर मनीष वैश्य,संदीप पांडेय,सुजीत मिश्रा, किशन गुप्ता, संतोष वर्मा सहित सफाईकमीर्यों को लगाया गया है।इसके अतिरिक्त कड़ाके की ठंड से बचने के लिए नगर पंचायत में कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। नेपाल की डांग जिले में स्थित प्रभुनाथन स्वर्गद्वारी तीर्थस्थल के दर्शन हेतु सैंकड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन इसी नगर पंचायत के रास्ते से हो रहा है। इन तीर्थ यात्रियों को सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा के रैनबसेरे में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आते समय व जाते समय ठहराया जाता है।इस रैनबसेरे में प्रतिदिन डेढ़ सौ से दो सौ से अधिक यात्रियों को रात्रि निवास व उनके लिए ठैरने की उचित व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की जा रही है। अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने बताया भीषण ठंड पड़ रही है तीर्थ यात्रियों के लिए धर्मशाला में पेयजल, रजाई गद्दे, अलाव, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की व ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है।

## एग्जाम नाथ स्मार्ट कोचिंग क्लास का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज बहराइच। जनपद बहराइच के कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गंडारा में शेखर श्रीवास्तव द्वारा एग्जाम नाथ स्मार्ट कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राय बहादुर श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति वन दरोगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज के प्रधानाचार्य पवन सिंह व मदनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद रईस उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने कहा कि तकनीकी युग में स्मार्ट क्लास के माध्यम से विशेषकर सुदूर गांव में रह रहे कमजोर तबके के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराना बहुत ही सराहनीय है। मदनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद रईस ने कहा कि तकनीकी माध्यम से अपने क्षेत्र में शिक्षा देने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। अपने क्षेत्र के बच्चों सहित विभिन्न विद्यार्थियों को तकनीकी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एग्जाम नाथ स्मार्ट क्लास के फाउंडर शेखर श्रीवास्तव ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता योगेश कुमार मिश्रा शिवनाथ शिखर सहित कई लोगों उपस्थित रहे। जनपद बहराइच के कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गंडारा में शेखर श्रीवास्तव द्वारा एग्जाम नाथ स्मार्ट कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राय बहादुर श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति वन दरोगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज के प्रधानाचार्य पवन सिंह व मदनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद रईस उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने कहा कि तकनीकी युग में स्मार्ट क्लास के माध्यम से विशेषकर सुदूर गांव में रह रहे कमजोर तबके के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराना बहुत ही सराहनीय है। मदनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद रईस ने कहा कि तकनीकी माध्यम से अपने क्षेत्र में शिक्षा देने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। अपने क्षेत्र के बच्चों सहित विभिन्न विद्यार्थियों को तकनीकी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एग्जाम नाथ स्मार्ट क्लास के फाउंडर शेखर श्रीवास्तव ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता योगेश कुमार मिश्रा शिवनाथ शिखर सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## संतान न होने से महिला ने लगाया फंदा

### पति ने फंदे से उतारकर पहुंचाया अस्पताल

हालत गंभीर; 7 साल पहले हुई थी शादी

अमन लेखनी समाचार




बांदा, जनपद में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जैसे ही पति और सास ने देखा तो तुरंत उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की शादी के 7 साल बीतने के बाद भी संतान नहीं थी जिसकी वजह से महिला परेशान थी। आपको बता दे की पूरा मामला जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत का है जहा की रहने वाली संध्या (35) अपने घर का काम काज कर रही थी तभी उसने अपनी सास से कहा की वह कपड़े लेने के लिए छत जा रही है तभी वह ऊपर बने वाले कमरे में चली गई जब काफी देर तक महिला नीचे नही उतरी तो उसके पति ऊपर गया और देखा तो महिला फांसी का फंदा लगाई थी। पति ने तुरंत उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा पर डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है वही पति ने बताया की उसकी शादी के 7 साल हो चुके है और उसकी कोई संतान नहीं थी जिसके कारण महिला परेशान रहती थी। डॉक्टर विनीत सचान ने बताया की एक महिला को लाया गया था बताया जा रहा उसने फांसी लगाई है। महिला को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

## हमीरपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### खेत में पेड़ से लटकता मिला शव, खेती किसानी कर घर चलाता था

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर में एक किसान ने गांव के बाहर अपने खेत में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत टोला खंगारन गांव के निवासी 32 वर्षीय किसान प्रदीप कुमार पुत्र बुद्ध सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गांव के बाहर अपने खेतों में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब ग्रामीणों और परिजनों ने प्रदीप को फांसी पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक प्रदीप कुमार अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जो कि गांव में रहकर खेती किसानी एवं पशुपालन आदि कर अपने परिवार की गुजर बसर करता था। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## राम मंदिर उद्घाटन के पास के नाम पर फ्रॉड

- साइबर अपराधियों ने तैयार किया खतरनाक वायरस, मैसेज के जरिए फोन पर भेजते हैं, क्लिक न करें

अमन लेखनी समाचार




बांदा, उत्तर प्रदेश की बांदा पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है। जो एक तरह का वायरस है। जिसे इंस्टाल करते ही आपके मोबाइल का सारा डाटा चोरी हो सकता है। आपको बता दें जनपद के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्वयं सामने आकर लोगों से अपील करते हुए कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के उद्घाटन के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन आम जनता के व्हाट्सएप पर भेजी जा रही है। इस एप्लीकेशन फाइल के साथ एक मैसेज भी भेजा जा रहा है। मैसेज यह है कि राम मंदिर के उद्घाटन के लिए वीआईपी पास प्राप्त करें। मैसेज लोगों के फोन पर आ रहा है। यह मैसेज एक मोबाइल वायरस है। जिसे आपके द्वारा इंस्टाल करने पर आपके मोबाइल का सारा गोपनीय डाटा जैसे फोटो, कॉन्टेक्ट्स, मैसेज, बैंक डिटेल्स आदि चोरी हो सकता है।कोई मैसेज प्राप्त होने पर प्रतिक्रिया न देंअतः आप सभी सावधान रहे इस तरह का कोई मैसेज प्राप्त होने पर प्रतिक्रिया न दें। सावधान रहे, जागरुक रहे। किसी भी तरह के साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि 22 तारीख को राम जन्मभूमि स्थान में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने वाला है।

# संक्षेप

## दिवंगत पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र मिश्रा के असामयिक निधन पर रविवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।विभिन्न अखबारों के स्थानीय पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा के शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा।पत्रकारों ने कहा कि धर्मेंद्र मिश्रा का असामयिक निधन पूरे पत्रकारिता समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।उनकी कमी हमेशा खलेगी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डॉ एमपी शुक्ल,सुरेंद्र मिश्र,संतोष गुप्त, सत्य प्रकाश त्रिपाठी,अजय तिवारी, राघवेंद्र त्रिपाठी, वीडी शुक्ल,हामिद अंसारी, अमित पांडेय, अमित, उपाध्याय,पवन सिसोदिया, बेचन शर्मा,रफीक अहमद समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## सीतापुर में सड़क हादसे में किसान की मौत

### घने कोहरे में हुआ हादसा, ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, शुगर मिल गया हुआ था

सीतापुर, सीतापुर में घने कोहरे के चलते एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार एक ट्रक ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर सवार एक किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना बिसवां कोतवाली इलाके की है। यहां घने कोहरे के चलते हादसे में एक किसान की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम पुरैनी निवासी संजय कुमार अपना गन्ना लेकर सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली से गया था। आज सुबह फैक्ट्री से वापस आते समय घने कोहरे के चलते शारदा सहायक नहर पुल के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर पर सवार किसान संजय सड़क पर आ गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है।

## जालौन में ससुरवालों ने महिला और बेटी को पीटा

जालौन, जालौन में ससुरालीजनों का मां-बेटी पर कहर देखने को मिला। गुरुवार को मां-बेटी को पीटते हुए घर से बाहर निकाल दिया। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित मां-बेटी ने पति और अपने ससुरालजनों के खिलाफ शिकायत लेकर उरई कोतवाली में शिकायत की थी। जहां पूरे घटना की शिकायत पुलिस से की। मामले का संज्ञान लेते हुये पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

# केवला सुंदर महाविद्यालय साथीपार में बच्चों के बीच हुआ स्मार्टफोन का वितरण

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत साथीपार के केवला सुंदर स्नाकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को बी ए तृतीय वर्ष, बी काम अंतिम वर्ष और बीएड के छात्र छात्राओं के बीच स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मोबाईल का वितरण रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपेश पॉल सिंह चौकी प्रभारी पिपरौली ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मार्ट फोन आपके आनलाइन शिक्षा में मदद करेगी। इस स्मार्टफोन का प्रयोग हमेशा आप लोगों द्वारा सकारात्मक दृष्टि से करना ही इसकी सही सार्थकता साबित होगी। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि अवधेश चौधरी प्राचार्य राघव प्रसाद मसाली देवी बिकू भैंसा बाजार के द्वारा बच्चों से अपने बेहतर चरित्र निर्माण व माता पिता सहित परिवार के प्रति ईमानदारी का भी पाठ पढ़ाया गया। आगे विशिष्ठ अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय आनलाइन शिक्षा से जुड़ने का है।इसलिए सरकार भी उच्च शिक्षा में आनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्मार्टफोन बच्चो को मुहैया करा रही है। कालेज में कुल 201 बच्चों के बीच स्मार्ट फोन वितरण किया गया। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरुषोत्तम दास गुप्ता अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नीरज श्रीवास्तव ई डिस्ट्रिक मैनेजर गोरखपुर एवम्, प्रशांत श्रीवास्तव गवर्नमेंट आई टी आई गोरखपुर ने मार्गदर्शन कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान प्राचार्य अनीता यादव, अवधेश चौधरी, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, श्वेता सिंह, अलका भारती, राजेश कुमार, बैजनाथ भारती, राकेश सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों ने मिलकर 2751पेटी मॉल हड़पा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र सेक्टर 22 स्थित आर इंटर प्राईजेज कंपनी के कर्मचारियों ने 2751 पेटी मॉल हड़प लिया है। पुलिस ने अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से अशित कृष्ण घोष स्व साधना चंद घोष बीर बहादुर सिंह न्यू ट्रांसपोर्ट गीडा सेक्टर 22 में आर इंटर प्राईजेज नाम की कंपनी संचालित होती है। जहा बिस्कुट बनता है। 5 जनवरी को मालिक किसी कार्य से बनाता गए हुए थे। जब वापस लौटे तो माल के स्टॉक की जांच किया तो 2751 पेटी मॉल गायब था। कर्मचारियों कुछ बताने को तैयार नही थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कंपनी के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ माल हड़पने का केस दर्ज कर लिया है।

# ग्राम प्रधान के नेतृत्व में पूजित अक्षत वितरित

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत मिनवां गांव में ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल के नेतृत्व में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूजित अक्षत का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान ने गांव में घर घर जाकर अक्षत देने के साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए साथ ही लोगों को अपने घरों में 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाने व पूजन अर्चन करने की अपील किए। इस दौरान जनार्दन वर्मा, कमलेश प्रजापति, यशवन्त सिंह, चन्द्रिका सुखारी प्रजापति, ओम प्रकाश गौड, मनीष गौड, अजय जायसवाल, ओंकार गुप्ता, विकास जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा केस दर्ज

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के केशवाखोर में विवाहिता द्वारा बाइक की मांग पूरी न कर पाने पर ससुराल वालो ने उसके ऊपर घरेलू सिंह करना शुरू कर दिए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल के पांच लोगो पर केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीतांजलि की शादी 1मई 2021 को केशवाखोर निवासी वशिष्ठमुनि के साथ हुई थी। शादी में मायके के लोगो ने हैसियत के हिसाब से उपहार में नकद और सामान दिए थे। ससुराल आते ही लोग बाइक न लाने का ताना मारने लगे। मायके के लोगो से कहा भी था। तो हैसियत न होने की बात कहे। इसके बाद ससुराल के लोग घरेलू सिंह करने लगे। और मारना पिटना शुरू कर दिए।मायके के लोग समझाने बुझाने के लिए ससुराल आए तो उन्हें भी मारने पीटने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति वशिष्ठ मुनि पांडेय,जेठ अगस्तमुनि पांडेय,देवर सत्यमुनि पांडेय,सरोजा देवी,रामबोध पांडेय के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

# गोरखपुर महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक संगम गोरखपुर की प्रस्तुति

### दुखवा में बीतल रतिया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। प्राचीन लोक नृत्य शैली लौंडा नाच की परंपरा का निर्वाह करना कितना कठिन है। इस परंपरा की जड़ें किस कदर शोषण की मिट्टी में गहराई तक धसी हैं नाटक दुखवा में बीतल रतिया देखने पर स्पष्ट हो जाता है नाटक का मुख्य किरदार झरेला अपने ब्राम्हण परिवार के पैतृक व्यवसाय श्राद्ध कर्म से घृणा करता है, लेकिन पूर्णतः कलाकार होने के कारण नाच पार्टी में शामिल हो जाता है। उसके नाच गाने की धूम कई जिलों में मशहूर हो जाती है। उसकी यही प्रसिद्धि उसकी दुश्मन बन जाती है। गांव के कुछ रसूखदार लोग उसका शोषण करने लगते हैं।



मानसिक, शारीरिक शोषण से वह टूटने लगता है। नाच गाने से दूर हो जाता है लेकिन नियति के आगे उसकी एक न चलती है नचनिया मर्द के !जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ढुखवा में बीतल रतिया इस नाटक की विशेषता यह है की इसमें पूर्वांचल से जुड़े लोग गीत एवं नृत्य का प्रयोग किया गया है। इसमें 20 से 25 कलाकार अपने अभिनय से इस प्रस्तुति को साकार करते है।

# अयोध्या से आए अक्षत व चित्र वितरण कर दिया गया आमंत्रण

अमन लेखनी समाचार




इन्हौना, अमेठी। श्रीराम जन्मभूमि का पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र सिंहपुर ब्लाक के ग्राम सभा सढिया के पूरे भाऊदास गांव में घर घर वितरित किया गया इसके साथ गृह स्वामी से इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने की अपील की गई गौरतलब हो कि 22 जनवरी को श्रीराम मन्दिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुनिश्चित हैं। जिसको सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार पूरी ताकत से जुटी हैं। इसके अलावा भाजपा पार्टी के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता और आर एस एस सहित उनकी विभिन्न इकाइयों के कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सक्रिय रूप से भूमिका निभा रहे हैं। और वह ग्राम सभा के सभी पुरवा के घरों तक पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचाते हुए गृह स्वामी से श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के बहुप्रतीक्षित क्षण को ऐतिहासिक बनाने की अपील कर रहे हैं। वहीं आज ग्राम सभा सढिया के पूरे भाऊदास गांव में राममिलन बाजपेई भाजपा नेता, अम्बर सिंह,रिन्कू सिंह,शिवबंस सिंह,राम नरेश सिंह, व अन्य तमाम राम भक्त घर-घर जाकर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का वितरण किया उन्होंने लोगों से इस दिन घर घर दीप जलाकर पूजा पाठ कर हवन करने के लिए प्रेरित किया। और 30 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर श्री राम लला का दर्शन करें और इसका भी आमंत्रण दिया।

# एडीजी जोन ने कार्यालय परिसर को किया साफ , स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या-धाम में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जोन कार्यालय के पुलिसकर्मियों के साथ एडीजी जोन द्वारा आज स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए जोन कार्यालय परिसर की साफ-सफाई किए एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार ने कहा कि गंदगी से कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं, जो मानव के विकास में बाधा डालती है। स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को अपना कर ही हम बीमारियों को खत्म कर सकते हैं। हमें अपने घर के अलावा आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार ने अपने कर्मचारियों अधिकारियों जवानों से कहा की अपने घर के आसपास मोहल्ले व ऑफिसों में सफाई बढ़-चढ़कर हिस्सा ले कर सफाई करना चाहिए अन्य को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे स्वच्छ सुंदर शहर को बनाया जा सके।

# धूमधाम से संपन्न हुआ 46 वां मकर संक्रांति समारोह

### हिंदू संगठन के तत्वावधान में संपूर्ण कस्बे में निकाली गई जुलूस यात्रा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना कस्बे अंतर्गत विगत 46 वर्षों से चली आ रही मकर संक्रांति के पर्व में समारोह मनाने की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी हिंदू संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जहानाबाद राजेंद्र पटेल पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सोमेश्वर पटेल डॉ राम भक्त वर्मा डॉक्टर ओमप्रकाश पाल समेत सैकड़ो गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में जनता जनार्दन ने भव्य शोभायात्रा निकाली भगवा झंडा लेकर जय श्री राम के जयकारे की गूंज करते हुए बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा राम तलाई मंदिर से प्रारंभ हुई जो थाना मोड चौक बाकरगंज बंबा ऊपर औरंगाबाद गढी सानी गढ़वा अमौली रोड होते हुए कस्बे की मुख्य गलियों से गुजर कर पुनः राम तलाई मंदिर पहुंची मंदिर प्रांगण अंतर्गत भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तगणों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्थानीय थाना जहानाबाद थाना अध्यक्ष समेत भारी पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग कार्यवाहक अशोक कुमार राजा अग्निहोत्री राजाराम महेश चौरसिया विवेक उत्तम सर्वेश सोनकर गोविंद पप्पू शुक्ला गोलू खरे संतोष यादव एवं अवस्थी गारमेंट्स जहानाबाद के संचालक रोहित अवस्थी समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रही

# जिलाधिकारी आवास में सम्मानित हुई वीर पुरुष नारियां

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद में आठवां आर्मड फोर्सज डे कार्यक्रम आयोजित किया गया जनपद की जिला अधिकारी आवास में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत अमर सपूत बलिदानियों की वीर नारियां युद्ध में शारीरिक रूप से क्षतिग्रस्त हो जाने वाले अपंग सैनिक युद्ध में विजय हासिल करने वाले विजेता सैनिक तथा द्वितीय विश्व युद्ध की 28 वीर नारियों को स्वयं जिला अधिकारी ने सम्मानित किया आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सी इंदुमती एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने उपर्युक्त आमंत्रित सदस्यों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया वही जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती ने देश के प्रति अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले बलिदानी अमर सपूतो के परिवार के सदस्यों को नमन करते हुए मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारा देश हमारा प्रदेश हमारा जनपद तथा स्वयं हम और हमारा परिवार केवल देश के वीर सपूतों के द्वारा सुरक्षित है जो अपने प्राणों की चिंता ना करते हुए बर्फ के अंदर खड़े होकर देश की रक्षा तथा हम सभी की रक्षा कर रहे हैं समर्पित भाव से सेवा करने वाले ऐसे महापुरुष वीर सपूतों को बारंबार नमन है इसके साथ-साथ जनपद की जिलाधिकारी ने सेवा में कार्यरत या सेना के जवानों के परिजनों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया वही कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने भी वीर सपूतों के न्योछावर हो जाने पर गर्व महसूस करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी धीरेंद्र सिंह ब्रिगेडियर यसमानसिंह की सुपुत्री, वीर नारी चंद्रावती खागा सर्वेश कुमार मेढापाटी अमौली सियादुलारी दला बला खेड़ा बिंदकी कुसुम देवी शुकुलपुर जितेंद्र सिंह सुखदेवी मां अमर सपूत विजय पाल सिंह झाऊपुर कमला देवी माता अमर शहीद राजेश कुमार खदरा अमौली समेत संपूर्ण जनपद के सदर उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका समीर कश्यप कर्नल दिनेश कुमार शर्मा आदि सैकड़ो वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व सैनिक उपस्थित रहे

# बेटे ने पिता को पीटा, घर में लगाई आग

- कहा- अभी तो तबाही स्टार्ट हुई है मेरे दोस्त, आगे-आगे देखो क्या-क्या होता है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में खर्चे के रुपए न देने के चलते बेटे ने अपने पिता के साथ मारपीट करते हुए घर में आग लगा दी। जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार ने डायल 112 को दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। पीड़ित पिता ने आरोपी बेटे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। अहमदनगर गली नंबर 16 निवासी यूसुफ ने बताया कि वह घर में ही क्रिकेट के विकेट बनाने का कार्य करता है। पीड़ित यूसुफ का आरोप है कि बृहस्पतिवार रात करीब 10:00 बजे बेटा शहजाद खर्चे के लिए रुपए मांगने लगा। यूसुफ ने बेटे शहजाद को रुपए देने से इंकार किया तो आरोपी बेटे शहजाद ने पिता यूसुफ के साथ जमकर मारपीट कर दी। परिवार के लोगों ने किसी तरह शहजाद से यूसुफ को बचाया, तभी शहजाद मकान की ऊपरी मंजिल पर पहुंचा और आग लगा दी। इस दौरान आरोपी बेटा बोला कि अभी तो तबाही स्टार्ट हुई है मेरे दोस्त, आगे देखो क्या-क्या होता है। आग कमरे में रखे सिलेंडर तक पहुंच गई, जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी डायल 112 नंबर की पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और आरोपी शहजाद को हिरासत में ले लिया। वहीं मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

### मेरठ में हादसा, रेलवे ट्रैक के पास टहलते हुए लोगों ने देखा था



अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में बृहस्पतिवार की दोपहर लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर एक किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर जीआरपी और लिसाड़ी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी की पहचान कराने का प्रयास करने लगी। मृतका की पहचान न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। शौकीन गार्डन में रेलवे लाइन पर किशोरी का शव मिला। किशोरी की उम्र 16 से 17 साल बताई जा रही है। आसपास के लोगों का कहना है कि किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई थी, जिस कारण उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना पर जीआरपी और लिसाड़ी गेट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से किशोरी की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन घंटे तक भी किशोरी की पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद आसपास के लोगों ने बताया कि किशोरी को रेलवे ट्रैक के पास कूड़ा बीनते हुए देखा गया था। जीआरपी और लिसाड़ी गेट थाना पुलिस किशोरी के शव की फोटो को सोशल मीडिया पर भेजकर पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

# जालौन में मूंगफली की दो दुकानों में लगी आग

- 4 लाख रुपए से अधिक का माल जला, दो सगे भाइयों की थी दुकान

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में देर रात आग का कहर देखने को मिला। जहां मूंगफली की थोक की दुकानों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे दुकानें धू-धूकर जल उठी। इस आग से दुकान में रखी लगभग चार लाख रुपए की मूंगफली जलकर खाक हो गई। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मियों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। घटना कालपी कोतवाली क्षेत्र के टननगंज इलाके की है। जहां कालपी नगर के ही रहने वाले दो सगे भाई राजू और रामू टरननगंज इलाके में अपनी मूंगफली की थोक की दुकान किए हुए थे। जिनके यहां से आसपास के इलाके में मूंगफली जाती थी। शाम के वक्त दोनों भाई अपनी दुकानों को बंद करके घर चले गए। तभी गुरुवार देर रात उनकी दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। धीरे-धीरे इस आग ने विकराल रूप ले लिया। लगभग 2 बजे इस आज की लपटों को आसपास के रहने वाले लोगों ने देखा। तत्काल दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करने के बाद इस भीषण आग पर काबू पाया। मगर इस आग के कारण दुकानों में रखी लगभग चार लाख रुपए की मूंगफली जलकर खाक हो गई। वहीं आग की सूचना मिलते ही दोनों सगे भाई रामू और राजू घटनास्थल पर पहुंचे।

# स्वच्छता हम सभी लोगों का दायित्व, जब हम स्वच्छ रहेंगे तभी रहेंगे स्वस्थ -विधायक

**स्वच्छता बनाए रखना सभी दायित्व–लोगो को अभियान से जोड़कर स्वच्छता के बारे में करे जागरूक –जिलाधिकारी**

**अध्योध्या में भगवान श्रीराम चन्द्र जी प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व विन्ध्याचल मन्दिर व अष्टभुजा मन्दिर से मा0 विधायक नगर व जिलाधिकारी के द्वारा किया स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ**

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर - भगवान श्रीराम चन्द्र जी के अध्योध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रदेशव्यापी विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार आज मां विंध्यवासिनी के धाम एवं मां अष्टभुजा के धाम में मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्रा एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, प्रदीप कुमार सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी, मुनेश कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी छानबे, विनोद कुमार श्रीवास्तव जिला कंसलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ,प्रभात शंकर सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं विकासखंड के सचिव श्री बृजेश सिंह अखिलेंद्र सिंह एवं सभी सचिव तथा प्रधान सतीश मिश्रा जी के साथ दोनों मंदिरों में सघन सफाई अभियान चलाया गया झाड़ू के साथ-साथ पोछा भी लगाया गया। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए मा0 विधायक नगर ने कहा कि स्वच्छता हम सभी लोगों का दायित्व है जब हम स्वच्छ रहेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे और जितने भी दुकानदार लोग हैं सभी लोग इधर-उधर कूड़ा ना फेंके दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को प्रेरित करें की कूड़ा कूड़ा दान में ही डालें तथा सभी लोग डस्टबिन अपने दुकानों के सामने रखें एवं कूड़ा उठाने हेतु स्वयं लोगों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आज 14 जनवरी 2024 से 26 जनवरी 2024 तक अनवरत जनपद के समस्त धार्मिक स्थलों, घाटों पर ग्राम पंचायत के समस्त मोहालों, समस्त गलियों, शासकीय भवनों पर यथा पंचायत भवन, विद्यालय, अस्पताल सामुदायिक शौचालय कूड़ा घर, सब जगह विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा कहीं पर भी ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की गंदगी नहीं होनी चाहिए तथा सभी लोग मिलकर के इस अभियान को पूर्णतया सफल बनाएं और 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अपने घरों में, अपने शासकीय भवनों पर दीपोत्सव कार्यक्रम करेंगे, हम सभी लोगों का यह दायित्व है कि स्वच्छता बनाए रखें तथा लोगों को भी इस अभियान में जोड़ें और स्वच्छता कार्यक्रम को जल आंदोलन के रूप में स्वीकार करें। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में कार्यरत सभी विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों से अपील किया गया कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी लोग अपना बराबर बराबर दायित्व का निर्वहन करें तथा प्रत्येक दिन कराए गए कार्यक्रमों का रिपोर्ट व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जनपद को उपलब्ध कराए और ग्राम पंचायत में कार्यरत समस्त सफाई कर्मी प्रत्येक दिन एक बोरा प्लास्टिक इकट्ठा करते हुए निर्मित कूड़ा घर में रखेंगे तथा जहां पर कूड़ा घर नहीं है प्रधान एवं सचिव से संपर्क कर सार्वजनिक भवन में इकट्ठा करेंगे तथा जन समुदाय को प्लास्टिक प्रयोग न करने हेतु प्रेरित भी करेंगे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्टाफ इस अभियान में लग करके इस अभियान को सफल बनाएं तथा जनपद को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाएं।

## सीआईएसएफ महिला संरक्षिका ने गरीबों के साथ मनाया मकर संक्रांति

बीजपुर ( सोनभद्र ):केंद्रीय औधोगिक सुरक्षा बल के उपसमादेष्टा प्रदीप कुमार के कुशल निर्देशन में बल की महिला संस्था संरक्षिका द्वारा रविवार को सिरसोती ग्राम पंचायत प्रांगण में करीब 60 गरीब आदिवासियो व ग्रामीण परिवारों को राशन वितरण किया।संरक्षिका अध्यक्ष संगीता वर्मा ने राशन वितरण के दौरान संबोधित करते हुए ग्रामीणों को बताया कि महिला संस्था संरक्षिका ग्रामीणों की मदद के लिए समय समय पर हर संभव कार्य करती रहती है।अगर कोई ग्रामीण किसी परेशानी में हो अथवा किसी को कोई मदद की आवश्यकता हो तो वो बेझिझक हमारी महिला संस्था को बता सकता है ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी।संरक्षिका अध्यक्ष ने बताया कि उक्त पुनीत कार्य सीआईएसएफ बल के जवानों के सहयोग से ही संभव हो पाया है बल के जवानों का हमारी संस्था को हरसंभव मदद करते रहते है।

## धूम धाम से मना लोहड़ी का पावन पर्व

**गुरुद्वारे और सिख परिवारों में हर्षोल्लास से मनायी गयी लोहड़ी**

**पंजाबी परिवारों में देर रात तक लोहड़ी में अग्नि प्रज्ज्वलित पर उसके चारों ओर ढोल की थाप पर थिरकते रहे परिजन**

अमन लेखनी समाचार

चोपन सोनभद्र। शनिवार की देर शाम सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक पंजाब- हरियाणा का प्रमुख पर्व लोहड़ी चोपन ओबरा क्षेत्र में स्थानीय गुरुद्वारे और सिख परिवारों में धूमधाम से मनाया गया।देर शाम पहले सिख परिवारों ने जहां स्थानीय गुरुद्वारे में पहुंचकर सामुहिक रुप से पर्व मनाया और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बाद में परिजनों ने रात्रि में घरों में लोहड़ी की अग्नि प्रज्ज्वलित कर उसमें गुड़, तिल, मूंगफली, लावा,गजक और गुड़ तिल से बनी मिठाईयाँ अर्पित की। ढोल की थाप पर प्रज्ज्वलित अग्नि के चारों ओर लोग फेरी लेते हुए थिरकते रहे। लोहड़ी को सुख समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है क्योंकि नयी फसल कटकर किसानों के घर पहुंचती है और किसान इसे अग्नि देवता को समर्पित करते हैं। वैसे तो हर पंजाबी परिवार इसे धूमधाम से मनाता है लेकिन जिन परिवारों में कोई नया सदस्य जैसे बहू अथवा नया बच्चा होता है उस परिवार में उसकी पहली लोहड़ी विशेषतौर पर धूमधाम से मनायी जाती है। शनिवार की रात नीटू अरोरा के आवास पर नयी पुत्रवधू की पहली लोहड़ी विशेष आयोजन कर धूमधाम से मनायी गयी जिसमें निकटवर्ती आत्मीय जन भी शामिल रहे।नव दम्पति मुक्ता आयुष अरोरा को लोगों ने लोहड़ी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के बाद सहभोज का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शशांक , अनुज, प्रिया, मीनल, परमप्रीत आदि ने खूब धमाल मचाया।

## ई रिक्शा से टकराकर स्कूटी सवार तीन युवक घायल

**प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे के बांदा मार्ग में पारा रैपुरा मोड़ के समीप अचानक ई रिक्शा के दूसरी साइड में मुड़ जाने से तेज रफ्तार स्कूटी ई रिक्शा से भिड़ गई। इस घटना में स्कूटी सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।बांदा जसपुरा निवासी रवि 22 वर्ष, हर्षित 17 वर्ष, छोटू 17 वर्ष के साथ स्कूटी से किसी कार्य से कस्बे में आ रहे थे। पारा मोड़ के समीप अचानक आगे चल रहे ई रिक्शा चालक ने रिक्शे को दूसरी तरफ मोड़ दिया। इससे स्कूटी सवार ई रिक्शा से भिड़क र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।हालत गंभीर होने के कारण तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## पौथिया में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन



अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। विकासखंड भरुआ सुमेरपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पौथिया में चल रहे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आज 14 जनवरी को अच्छी प्रस्तुति के साथ समापन किया गया जिसमें बाहर से आई हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेलने वाली टीम गुजरात कानपुर औरैया गोरखपुर एवं क्षेत्रीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबला चला इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष सिंह पटेल विधायक मल्लावां हरदोई एवं विशिष्ट अतिथि बृजभूषण राजपूत विधायक चरखारी मनीषा अनुरागी विधायक राठ जितेंद्र सिंह सेंगर विधान परिषद सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति दिलीप सिंह दुष्यंत सिंह परिहार की उपस्थिति में वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उपस्थित दर्शकों को आनंद दिलाने का कार्य किया इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूर्व जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह संतराम गुप्ता अरविंद श्रीवास्तव अरविंद मुखिया राजेंद्र श्रीवास शरद चंदेल सिद्धार्थ पाठक जय नारायण यादव ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर एवं ग्राम प्रधान वंदना सचान एवं हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन किए वितरित

**हर युवा के हाथ में एंड्रॉयड फोन हो– महेश चंद चतुर्वेदी**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित




हमीरपुर, बिवांर हीरानन्द परास्नातक महाविद्यालय बिवांर में मुख्यमंत्री स्मार्ट फोन वितरण योजना के तहत बीए/ बीएससी में फाइनल वर्ष के 200 से अधिक छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता, क्षेत्रीय विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा स्मार्टफोन बांटे गए।फोन पाते ही छात्र खुशी में झूम उठे। प्रदेश सरकार द्वारा छात्र एवं छात्राओं को डिजिटलीकरण और ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए जाने की योजना के तहत आज दिन रविवार को हीरानन्द परास्नातक महाविद्यालय में कार्यकम का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी,क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी,जयंती राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष,वीर नारायण राजपूत ब्लाक प्रमुख,करन सिंह राजपूत जिला पंचायत सदस्य महाविद्यालय प्रबधंक जीवेंद्र कुमार पाठक,राजाराम तिवारी प्रबधक हीरानन्द इंटर कालेज भाजपा युवा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक ने सर्वप्रथम संयुक्त रूप से मिलकर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इसके बाद महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए/ बीएससी के फाइनल वर्ष के मुख्य अतिथि महेश चंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता,मनीषा अनुरागी विधायक राठ, जयंती राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष सहित आये सभी मुख्य अतिथियों ने 200 से अधिक छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन किए वितरित किये।छात्र एवं छात्राएं स्मार्टफोन पाते ही खुशी में झूम उठे।इस मौके पर अपर महाधिवक्ता ने सरकार की मंशा को व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा है कि हर युवा के हाथ में एंड्रॉयड फोन हो जिससे लोग आधुनिक भारत की आधार शिला रखें वही विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी अपने अपने विचार पेश किए।इस मौके पर राजेश कुमार शुक्ला शासकीय अधिवक्ता,अवधेश शर्मा महामंत्री विश्व हिंदू परिसद,अनुराग तिवारी,शैलेन्द्र तिवारी,राजू पाठक,भरत विश्वकर्मा लाला पंड़ित,रामसजीवन शुक्ला, हिमांशु कुमार सहित महाविद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।हीरानन्द महाविद्यालय बिवांर में बीएससी की छात्रा को स्मार्टफोन देते अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी,राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत मौजूद रही।

## डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन



अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर।आर्म्ड फोर्सेस वेट्रंस डे के उपलक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हमीरपुर के सौजन्य से जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास ने इस अवसर पर जनपद के बलिदानियों के परिवारों को साल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डीएम कैंप कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान वर्ष 1994 में आपरेशन रक्षक में बलिदान हुए कीर्ति चक्र से सम्मानित शिवनारायण सिंह की पत्नी विमला देवी को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा व अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा.नागेंद्रनाथ यादव ने साल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही भारत चीन युद्ध में बलिदान हुए प्रकाश सिंह, भारत पाक युद्ध में बलिदान हुए संतोष सिंह और 2016 में अरुणांचल प्रदेश सर्च आपरेशन में बलिदान हुए नरेश कुमार के भी स्वजन को साल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बलिदानियों के स्वजन को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए जो योगदान देश के वीर सपूतों के द्वारा किया गया है वह अतुलनीय है।

## चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के लखौंदा गांव से चोरी गई गाड़ी बैल के लोहे के दो पहिया व टोडरपुर गांव से चोरी की इनवर्टर बैटरी ए एन एम सेंटर से बरामद कर दो आरोपियों को पुलिस ने चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के लखौंदा गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र आशाराम की तहरीर पर 13 जनवरी को अमरूद के पेड़ के नीचे रखे बैल गाड़ी के दो लोहे के पहिया चोरी होने का मुकदमा दर्ज किया गया था।तथा टोडरपुर गांव के ए एन एम सेंटर से इनवर्टर बैटरी चोरी हुई थी। पुलिस अधीक्षक व सी ओ सदर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में सुरागसी व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त गण की निशान देही पर दो लोहे के बैल गाड़ी के पहिया व इनवर्टर बैटरी को बरामद किया गया है। आरोपी गोरे मंसूरी पुत्र स्वर्गीय मोहर्रम अली निवासी वार्ड 9 कस्बा कुरारा व मूल निवासी मूसा नगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात व उदय सिंह पुत्र दिनेश निषाद निवासी वार्ड 3 कस्बा कुरारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। चोरी का अनावरण करने में उप निरीक्षक पंधा री सरोज, संगम लाल प्रजापति, कांस्टेबल शौरभ सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, मनोज गुप्ता ने गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया है।

## यमुना घाट ऐतिहासिक मेले में दर्शकों ने की खरीदारी

**तेलान वीर बाबा मेला अंतर्गत बिक रहे बांस के बर्तन बने कौतूहल**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर।जनपद के असोथर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत यमुना नदी के तट पर बसे गांव सरकंडी यमुना घाट में स्थित पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक तेलान वीर बाबा आश्रम में मकर संक्रांति के पर्व के तहत दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया मिले अंतर्गत चाट बताशे खिलौने सौंदर्य प्रसाधन समेत गृहस्थी के समान के दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान लगाई वही बांस की लकड़ी से बने बर्तन संपूर्ण मेले का कौतुकाल बने रहे मेले अंतर्गत समाजसेवियों ने जरूरतमंद लोगों को लंच पैकेट तथा खिचड़ी का महाप्रसाद वितरित किया मिली जानकारी के अनुसार मेल अंतर्गत अलग-अलग दर्जनों स्थानों पर अलाव की व्यवस्था स्वच्छ जल समेत ठंड से बचाव की अन्य व्यवस्थाएं भी कराई गई हैं

## कार की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

मौदहा। बिवांर थाना क्षेत्र के जल्ला गांव के पास साइकिल में खेत से घर जा रहें किसान को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी।गंभीर रूप से घायल किसान की ईलाज के लिये ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी।पुलिस ने कार को कब्जे मे लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

थानाध्यक्ष बिवांर ने बताया कि बीती देर शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत जल्ला गांव के नजदीक हरपाल सिंह मेमोरियल कॉलेज के पास एक साइकिल और चार पहिया वाहन की टक्कर हो जाने की सूचना मिली थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल श्रीराम प्रजापति निवासी बिवांर को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज हेतु कानपुर रेफर कर दिया गया था। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/ पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता अभियान के तहत ब्लाक प्रमुख व अन्य लोगों ने की सफाई

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह



कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर प्रांगण में साफ सफाई व्यवस्था की गई।तथा श्री राम जानकी मंदिर में होने वाले कार्यक्रम के संबंध जानकारी ली गई।

मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में मंदिरों में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत झलोखर गांव स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर परिसर में साफ सफाई व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, ए डी ओ पंचायत धर्मेंद्रपाल, आदि ने साफ सफाई की। प्रधान प्रतिनिधि ललित मोहन, कालका प्रसाद, आशुतोष त्रिपाठी, राजू सोनकर पूर्व प्रधान, मयंक त्रिपाठी, गोल्डी श्रीवास्तव, रामकरण सिंह, राजेंद्र धमाका, आदि ने भी सहयोग किया।।गांव स्थित श्री रामजानकी मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी ली। कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में साफ सफाई व्यवस्था की गई।

## पौथिया में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन


अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। विकासखंड भरुआ सुमेरपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पौथिया में चल रहे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का14 जनवरी को अच्छी प्रस्तुति के साथ समापन किया गया जिसमें बाहर से आई हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेलने वाली टीम गुजरात कानपुर औरैया गोरखपुर एवं क्षेत्रीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबला चला इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष सिंह पटेल विधायक मल्लावां हरदोई एवं विशिष्ट अतिथि बृजभूषण राजपूत विधायक चरखारी मनीषा अनुरागी विधायक राठ जितेंद्र सिंह सेंगर विधान परिषद सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति दिलीप सिंह दुष्यंत सिंह परिहार की उपस्थिति में वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उपस्थित दर्शकों को आनंद दिलाने का कार्य किया इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूर्व जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह संतराम गुप्ता अरविंद श्रीवास्तव अरविंद मुखिया राजेंद्र श्रीवास शरद चंदेल सिद्धार्थ पाठक जय नारायण यादव ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर एवं ग्राम प्रधान वंदना सचान एवं हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।


## स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर एबीवीपी द्वारा मलखंब प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**आज का युवा मलखंब जैसे खेलों के प्रति हो रहा जागृत– डॉ० संदीप**

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में दा न्यू एरा पब्लिक स्कूल में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के ढेरों प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी एवं मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों और अतिथियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक हर्ष जैन ने बताया आज के परिपेक्ष्य में मलखंब को पुनः स्थापित विद्यार्थी परिषद कर रहा है यह खेल भारतीय संस्कृति का मुख्य खेल है जो पुनः उजागर हो रहा है। वहीं अंशुल विद्यार्थी ने कहा विद्यार्थी परिषद आज शिक्षा के साथ साथ खेल जगत में कार्य करके विद्यार्थियों को खेल के मैदानों में अव्वल बना रहे हैं, परिषद परिसर चलो अभियान चलाकर उनके अंदर राष्ट्र प्रेम की अलख जगा रहा है। अपने मुख्य अतिथि भाषण में डॉ० संदीप ने कहा मलखंब ऊजार्वान लोगों का खेल है इस खेल के बहुत से लाभ है आज के समय में मलखंब खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या काफी कम होती जा रही है लेकिन इस तरह के आयोजनों से लोगों में पुनः मलखंब के प्रति चेतना जागृत हो रही है आज इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेला जा रहा है जो हमारे लिए हर्ष का विषय है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के साथ हम सभी भारतीयों के प्रेरणा स्रोत हैं वह ज्ञान के भंडार के रूप में जाने जाते हैं रूढ़िवादी समाज में उन्होंने किस प्रकार चेतना जागृत की यह हम सभी जानते हैं। उनके द्वारा समाज उत्थान में किए गए कार्यों को हमारे देश में अनादि काल तक जना जाता रहेगा। इस प्रतियोगिता में कार्यक्रम संयोजक के रूप में हर्ष जैन, विभाग संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र सिंह राणा, उत्तर प्रदेश मलखंब सेक्रेटरी रवि प्रकाश, ध्यानचंद स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच सुनील एवं जिला संगठन मंत्री शुभम विद्यार्थी का प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

## मंडल सचिव सुनील यादव बने यूपी एवं उत्तराखंड के उप महासचिव

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।रविवार को लखनऊ में आयोजित फेडरल कमिटी (यूपी एवम उत्तराखंड) की अहम बैठक में फेडरल अध्यक्ष कॉम अंकुर मिश्रा ने हमीरपुर के जोनल सेक्रेटरी कॉम सुनील कुमार यादव का नाम फेडरल उप महासचिव के पद के लिए प्रस्तावित किया ,जिसे ऑल इन्डिया प्रेसिडेंट एवम फेडरल महासचिव आर. एन. शुक्ला ने पूर्ण सहमति व्यक्त किया, इसके बाद पूरे हाउस ने सर्वसम्मति से इनके नाम को बहुमत से पारित कर दिया।इस तरह यूपी और उत्तराखंड के लगातार दो बार उप महासचिव बनने वाले हमीरपुर के प्रथम व्यक्ति हैं।इस अवसर पर सेंट्रल एवम यूपी और उत्तराखंड के कॉम आर .एन. शुक्ला( ऑल इन्डिया प्रेसिडेंट एवम फेडरल महासचिव), कॉम अंकुर मिश्रा (फेडरल प्रेसिडेंट) , कॉम सुरेंद्र सिंह नेगी, कॉम एन.के. राजवंशी,कॉम अंजनी पांडेय, कॉम अनुराग शर्मा, कॉम प्रशांत राउत एवम समस्त राज्य एवम 17 जोन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।इस अवसर पर सुनील यादव ने पुनः भरोसा जताने के लिए सेंट्रल लीडरशिप, यूपी,उत्तराखंड के समस्त संगठन पदाधिकारी और हमीरपुर मंडल के साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अनुराग की 'मेट्रो..इन दिनों' को मिली नई रिलीज तारीख

**मुंबई।** 'गैंगस्टर', 'बर्फी' और 'लाइफ इन अ मेट्रो' जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनुराग बसु पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो..इन दिनों' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, अब 'मेट्रो..इन दिनों' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। पहले यह फिल्म इसी साल 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख में बदलाव किया है। सारा और आदित्य की 'मेट्रो...इन दिन' अब 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है। यह मल्टीस्टारर फिल्म है।

लाइफ Style

# भूमि
## ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है।

अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बाद से भूमि पेडनेकर ने अपनी विविध भूमिकाओं के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक अनोखी जगह बनाई है। पिछले साल भूमि पेडनेकर की चार फिल्में 'भीड़', 'अफवाह', 'थैंक यू फार कॉलिंग' और 'लेडी किलर' रिलीज हुईं। इस साल उनकी दो फिल्में 'भक्त' और 'मेरी पत्नी का रीमेक' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली हैं लेकिन भूमि पेडनेकर की नजर ओटीटी पर है। भूमि पेडनेकर फिलहाल ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में स्ट्रीमिंग कंटेंट की लोकप्रियता अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है। एक लंबा प्रारूप एक कलाकार को वास्तव में अपने चरित्र में जीने और कुछ ऐसा बनाने का मौका देता है, जो वास्तव में प्रतिष्ठित हो सकता है। मैं बहुत सारे शो का प्रशंसक हूं। मैं इसमें आने वाली सभी सामग्री का दर्शक हूं।



हॉलीवुड मसाला

# एक्स-मेन फेम नहीं रहे



**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता एडन कैंटो का निधन हो गया है। एडन कैंटो की मौत से हॉलीवुड में शोक छा गया है। एडन ने 42 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार एडन कैंटो की मृत्यु अपेंडिक्स कैंसर से हुई। एडन कैंटो के परिवार में उनकी पत्नी स्टेफनी एन कैंटो और दो बच्चे रोमन एल्डर और ईव जोसेफिन हैं। 1981 में मैक्सिको में जन्मे और टेक्सास में पले-बढ़े एडन ने 16 साल की उम्र में मैक्सिको सिटी में एक गायक और गिटारवादक के रूप में अपना करियर शुरू किया।



# अली जुड़ेंगे हॉलीवुड एक्शन फ्रैंचाइजी से

**लॉस एंजिलस।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है। जेरार्ड बटलर अभिनीत इस फिल्म की अगली किस्त को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कंधार' को दुनियाभर में मिली शानदार प्रतिक्रिया ने निर्माताओं को इसका सीक्वल बनाने के लिए प्रेरित किया है और अली इस सफल फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनने वाले पहले भारतीय अभिनेता बन इतिहास रचने वाले हैं।



# अंजली ने खरीदा करोड़ों का घर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा को आज हर कोई जानता हैं। अपने शानदार डांस मूव्स से उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया था। बता दें कि 24 साल की अंजली अरोड़ा लग्जरी लाइफ जीने की शौकीन हैं। महंगी-महंगी कारों के साथ ही अब उन्होंने खुद का घर खरीद लिया है। जिसकी कीमत 4 करोड़ बताई जा रही है। एक्ट्रेस ने घर के ग्रह प्रवेश का वीडियो इंटरनेट पर साझा किया। हाल ही में अंजली अरोड़ा ने अपनी के लिए एक गाड़ी भी ली है, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। अंजली ने कार का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए बताया था, कि यह उनका खुद के लिए एक गिफ्ट है। रिपोर्ट की मानें तो अंजली अरोड़ा की नेटवर्थ 3 करोड़ रुपये है और आज एक्ट्रेस किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं।



# 'देवराः पार्ट 1' की पहली झलक रिलीज...

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज हो गई है। कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म 'देवराः भाग 1' नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज कर दी गयी है। यह शानदार झलक फिल्म के भव्य पैमाने और देवरा के किरदार का परिचय देती है। एनटीआर जूनियर ने हर भाषा में अपने रोंगटे खड़े कर देने वाले डायलॉग को परफेक्शन के साथ पेश कर सबको चौंका दिया है। 'देवराः पार्ट 1' में सह-कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर हैं। यह फिल्म 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

टीवी मसाला



# कॉफी विद करण शो में जीनत-नीतू ने शेयर किए कई मजेदार किस्से

**नई दिल्ली।** इस बार कॉफी विद करण सीजन 8 के 12वें एपीसोड में मेहमानों के तौर पर दो बॉलीवुड लीजेंड जीनत अमान और नीतू कपूर आईं। दोनों ने करण के साथ खुलकर बातें कीं। साथ ही, अपने जमाने की खट्टी-मीठी यादें भी साझा कीं। नीतू और जीनत के बीच शो के दौरान कमाल की बॉन्डिंग दिखी। जहां नीतू ने जीनत के बारे में बताया कि वो अपने डायट का बहुत ख्याल रखती थीं। वहीं, जीनत ने बताया कि नीतू को जब उन्होंने पहली बार पर्दे पर देखा तो वो उन्हें बहुत अच्छी लगीं। नीतू ने जीनत की तारीफ में बताया कि ये उस जमाने में भी आज की महिला जैसी थीं, बोल्ड और बेबाक। अगर इन्हें सेक्सीनेस की दुकान कहा जाए तो गलत नहीं होगा।

## दोनों ने एक साथ की हैं कई फिल्में

दोनों ने ही उस दौर को याद किया जब वो एक साथ पर्दे पर दिखीं। उन्होंने उन फिल्मों के नाम भी गिनाए और बताया कि उन्होंने धरमवीर, यादों की बारात, हीरालाल पन्नालाल, द ग्रेट गैंबलर जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। उन्होंने रेखा, परवीन बॉबी और हेमा मालिनी से जुड़ी बातें भी कीं और इन सबसे अपनी दोस्ती को भी जाहिर की।

## ऋषि कपूर से जुड़े शेयर किए किस्से

इस बीच नीतू कपूर, करण जौहर और जीनत अमान तीनों ने ही ऋषि कपूर से जुड़े किस्से और यादों भी शेयर किए। नीतू कपूर ने ऋषि कपूर के बारे में बात करते हुए कहा कि वो हमेशा से बहुत घुले मिले नहीं थे अपने बच्चों के साथ। बेशक वो प्यार करते थे लेकिन जता नहीं पाते थे लेकिन उनके अंतिम समय जब हम न्यूयॉर्क में थे वो हमारी लाइफ का बेस्ट टाइम था। वो हमारे साथ पार्टी करते, लंच पर जाते और बच्चों से भी खुल कर बात करने लगे थे। नीतू ने ये भी बताया कि वो हमेशा से ही मेरा बहुत ख्याल रखते थे। वहीं जीनत ने उनके साथ एक गाने की शूटिंग के बारे में बात करते हुए हंसते हुए बताया कि ऋषि कपूर की हाइट मुझसे कम थी और हम लोगों को कव्वाली के लिए शूट करना था। सीन में उन्हें बड़ा दिखाने के लिए उनको कुशन में बैठने को कहा गया था और मुझे पतले से गद्दे पर ताकि मेरी हाइट कम लगे। लगता है कि ये उन्हें अच्छा नहीं लग रहा होगा। वहीं करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' की शूटिंग का किस्सा याद करते हुए बताया कि मैं हमेशा ऋषि कपूर को चिंटू अंकल कहता था। उन्होंने मुझे सख्त हिदायत दी थी कि मुझे सर या सिर्फ चिंटू कहना, ये अंकल-वंकल मत कहना।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

# शाहिद-कृति की जोड़ी 9 को जमाएगी रंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को रिलीज होगी। निर्माता दिनेश विजान ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं।'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है। शाहिद कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए बताया है कि फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं, ऋतिक की धमाकेदार फिल्में

**मुंबई।** ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को हुआ था। ऐसे में उन्होंने कल अपना 50वां जन्मदिन मनाया। उनके जन्मदिन पर आप भी उनकी कुछ खास फिल्में देखना चाहते हैं तो इन दिनों उनकी उनकी एक्शन से भरपूर कई फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं हैं।

**वॉर :** ऋतिक रोशन की धमाकेदार फिल्म 'वॉर' अगर आपने नहीं देखा है तो इस खास फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकती हैं।

**अग्निपथ :** ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की जितनी तारीफ की जाए उतना कम है। इस धमाकेदार फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ऋतिक की करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में अग्निपथ भी आता है। इस फिल्म को दर्शकों की ओर से काफी पसंद किया गया है।

## फिल्म स्टार राकेश रोशन के घर 10 जनवरी 1974 को लिया था जन्म, मनाया 50वां जन्मदिन



**बैंग बैंग :** एक्शन कॉमेडी से भरपूर ऋतिक रोशन की फिल्म 'बैंग बैंग' अगर आपने नहीं देखा है तो इस फिल्म को एक बार जरूर देखें। रितिक रोशन और कैटरीना कैफ की इस फिल्म को आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं। बैंग बैंग बॉलीवुड की महंगी फिल्मों की लिस्ट में आती है।

**धूम 2 :** ऋतिक रोशन की फिल्में काफी धमाकेदार होती हैं। ऐसे में दर्शक रिलीज से पहले ही उनकी फिल्मों का इंतजार करते हैं। वैसे ही 'धूम 2' भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**कृष- 3 :** एक्शन से भरपूर फिल्म देखना चाहते हैं, तो आपको 'क्रिश 3' जरूर देखना चाहिए। साल 2013 में रिलीज हुई इस फिल्म का जादू आज तक लोगों पर है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने धमाकेदार एक्टिंग से सभी को हैरान कर दिया था। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, विवेक ओबेरॉय और कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

'तहान', एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर आधारित

# विंटर वेकेशन में बच्चों के संग देखें बॉलीवुड की ये ज्ञानवर्धक व शिक्षाप्रद फिल्में

*मुंबई। बॉलीवुड की हर फिल्म बच्चों को नहीं दिखाई जा सकती है लेकिन बच्चों को पढ़ाई लिखाई, खेलकूद व एक्स्ट्रा स्किल एक्टिविटी के साथ उन्हें जीवन में आने वाली सिचुवेशन से रूबरू करवाना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए सबसे बेस्ट तरीका फिल्म दिखाना है। लेकिन, अक्सर मां-बाप के मन में यही सवाल रहता है कि अपने बच्चों को ऐसी कौनसी फिल्म दिखाएं। बता दें कि बॉलीवुड की बच्चों पर बनीं कुछ ऐसी फिल्में हैं जो मनोरंजन करने के साथ जीवन में आने वाली सिचुएशन को भी दर्शाते हैं।*



## स्टेनली का डब्बा

इस फिल्म में मुख्यतौर पर फोर्थ क्लास के बच्चों पर फोकस किया है। क्लास में स्टेनली नाम का स्टूडेंट बहुत ही बुद्धिमान और मेहनती है। उसे क्लास के बच्चे बहुत प्यार करते हैं। स्टेनली किसी वजह से अपना टिफिन नहीं ला पाता तो वहीं दूसरी तरफ हिंदी के टीचर वर्माजी बच्चों के खाने पर नजर रखे हुए होते हैं। क्लास के बच्चे अपनी टिफिन का खाना स्टेनली को खिलाना चाहते हैं, लेकिन वर्मा सर को नहीं। वर्मा जी बच्चों को एक दूसरे की टिफिन से खाना खाने के लिए डांटते हैं लेकिन खुद वही काम करते हैं। फिल्म में बड़ों की कथनी और करनी के अंतर को बच्चे बहुत साफ तरीके से देखते और महसूस करते हैं।

## मां-बेटी की कहानी निल बटे सन्नाटा

निल बटे सन्नाटा मूवी गरीब मां-बेटी की कहानी पर बेस्ड है। बेटी को पढ़ाने के लिए मां लोगों के घरों में जाकर काम करती है ताकि वह पढ़ लिखकर नाम कमाए, लेकिन उसकी बेटी यह सोचती है कि जो काम मां करती है वही काम वह भी करेगी। मां अपने बेटी को मरे हुए सपने को जिंदा करना सिखाती है।

## स्लमडॉग मिलेनियर



यह मूवी झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों पर बनाई गई है। यह फिल्म दो भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है। वे दोनों भाई बचपन में हुए दंगे के कारण अनाथ और बेघर हो जाते हैं। फिल्म में यह बताया गया है कि गलत रास्ते पर चलने का अंजाम गलत ही होता है।

## भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती बम बम बोले

बम बम बोले फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती है इसमें भाई बहन के प्यार के रिश्ते को दर्शाया गया है।



## पालतू जानवर पर बनी फिल्म तहान

तहान फिल्म में एक लड़के और उसके पालतू जानवर गधे बीरबल के जीवन पर बेस्टड है। तहान आठ साल का बच्चा है जो अपने दादा, मां और बहन के साथ कश्मीर में रहता है। पूरी फैमिली इस उम्मीद में रहते हैं कि तहान के पिता एक दिन जरूर वापस आएंगे। एक दिन तहान के दादा की मौत हो जाती है जिसके बाद गांव के जमींदार तहान (पुरानी फिल्में) के दोस्त बीरबल को अपने साथ लेकर चले जाते हैं क्योंकि उसके परिवार ने उनसे कर्ज लिया होता है। तहान बीरबल के बिना नहीं रह पाता है। वह बीरबल को वापस लाने के लिए हर कोशिश प्रयास करता है। इस स्टोरी में उसके स्ट्रग्ल को दिखाया गया है।